हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 15 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 33.8 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

08 डंगनिया में स्वच्छाग्रही ने घर-घर जाकर किया ग्रामीणों को जागरूक



09 छाटा में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा





हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
न्यु ओम ज्वेलर्स
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


**खबर संक्षेप**

## सिंगलयूज प्लास्टिक दुकानदारों पर कार्रवाई



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत सिंगलयुज प्लास्टिक रखने, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग नहीं रखने वाले व्यापारियो पर चालानी कार्यवाही लगातार की जा रही है। फिर भी कुछ व्यापारी अपने आदत से बाज नहीं आ रहे है। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-01 नेहरू नगर की टीम द्वारा वार्ड क्रं. 10 एवं 11 क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे, कुछ भी नहीं मिला। जैसे ही पीछे से छिपकर देख रहे है, फिर प्लास्टिक में बेचना शुरू हो गया। साथ ही गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालकर नहीं रखा जा रहा था। ऐसे दुकान संचालकों पर 4600 रूपये का चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूल किया गया। इन दुकानदारों से जयसवाल नास्ता सेंटर से 500, पंकज सोनकर गन्ना जूस सेंटर से 800, इस्लाम नारियल सेंटर से 300, निलंम बुट हाउस से 800, एन जी किरानाा स्टोर से 800 एवं साहू चाय सेंटर से 100 रूपये एवं अन्य दुकानदारो से चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूल किया गया और उनको समझाइस भी दिया गया। यदि दूसरी बार गलती किये तो उनका गुमशता, ट्रेड लाईसेंस निरस्त कर सामग्री जप्त कर लिया जायेगा।

## महिला कर्मचारियों के लिए शिविर 17 को

**भिलाई।** सेल-बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा भिलाई नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारियों के लिए 'मिशन लक्ष्मी' के अंतर्गत 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में एक व्यापक शैक्षणिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और निःशुल्क स्त्री रोग निदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में चिकित्सा परामर्शदाताओं द्वारा भिलाई नगर निगम में सफाई कार्य में लगी महिला कर्मचारियों की जांच की जाएगी। इस अवसर पर सीएसआर स्वास्थ्य टीम के साथ बीएसपी-सीएसआर के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। परामर्शदाताओं द्वारा एनीमिया और स्त्री रोग कैंसर पर शैक्षणिक सत्र और प्रश्नोत्तर और उसका समाधान सत्र भी आयोजित किया जाएगा। साथ ही इसमें ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी और अन्य गतिविधियाँ भी शामिल होंगी। सेल-बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें विभाग और सीएसआर विभाग ने ननि की महिला कर्मियों से अपील की है।

**मतगणना : दुर्ग, भिलाई व रिसाली का भारती कॉलेज, शेष का निकायों में गिनती**

# वोटों की काउंटिंग सुबह 9 बजे से, दोपहर तक मेयर और पार्षदों का आएगा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पुलगांव स्थित भारती कालेज में आज साढे नौ बजे से ईव्हीएम में कैद सवा दो लाख से अधिक मतों की गणना की जाएगी। आज गिनती के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी कि, शहरीय सरकार की जीत का सेहरा किसके सिर सजेगा। पार्षदों के लिए 164 पद व मेयर-अध्यक्षो के आधा दर्जन पदों की तस्वीर भी साफ हो जाएगी। पुलगांव भारती कालेज में दुर्ग के साठ और भिलाई व रिसाली के लिए एक-एक वार्डो की गणना होगी।

प्रत्येक वार्ड में बूथ की संख्या अनुसार रांउडवार गिनती होगी। जिसके हर आधे घंटे के अंदर जानकारी जारी की जाएगी। सुबह नौ बजे से शुरू हुई मतगणना चार घंटे में निपट जाएगी।

विगत 11 फरवरी को जिले के दस निकायों के 164 पार्षद पद और मेयर व आधा दर्जन अध्यक्ष पदों के लिए मतदान किए गए थे। जिसके वोटिंग की गणना आज सुबह नौ बजे से शुरू हो जाएगी। काउंटिंग में दस विभाग के 814 अधिकारी व कर्मचारी तैनात होगें, जिन्हें सुबह सात बजे बुलाया गया है। आठ बजे स्ट्रांग रूम के ताले खोले जाएंगे। मशीनों को टेबलवार रखने के बाद नौ बजे मशीन से गिनती शुरू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि, दुर्ग नगरनिगम के लिए साठ वार्ड में उतने ही टेबल रखे गए हैं। जितने वार्ड होगें, उसमें शामिल बूथों के अनुसार राउंडवार गिनती होगी। प्रत्येक राउंड के बाद प्रत्याशियों के एंजेटों को जानकारी दी जाएगी। उनके हस्ताक्षर के बाद आरओ आगे की कार्यवाही करेगें।

**खास बातें**

- दुर्ग में 265 बूथों के लिए इतने ही राउंड गिनती, मेयर का पहले होगा
- सुबह नौ बजे से शुरू होगी गणना, चौक-चौबंद व्यवस्था के बीच गिनती
- दुर्ग, भिलाई और रिसाली का भारतीय कालेज, शेष का मुख्यालय में गिनती

**आधे घंटे से भी कम समय में होगें एक राउंड, हर राउंड की मिलेगी जानकारी**



### पहले डाकमत पत्रों की होगी गिनती

स्ट्रांग रूम खुलने के बाद सबसे पहले डाकमत पत्रों की गिनती की जाएगी। इसकी गणना आधा घंटे में समाप्त होने के बाद ईव्हीएम से मेयर व अध्यक्ष की गिनती होगी, वही साथ ही पार्षदों के वोट भी गिने जाएंगे। इस तरह मेयर-अध्यक्ष और पार्षदों की गिनती भी साथ साथ होगी। बताया गया कि, स्वास्थ्य विभाग से 18 नगरनिगम दुर्ग, भिलाई व रिसाली से 120 विद्युत यांत्रिकीय से 38 पीएचई से 12 स्थानीय निर्वाचन के पन्द्रह कर्मी इस तरह विभिन्न विभागों के करीब 814 की ड्यूटी मतगणना में लगाई गई हैं।



भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार



कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता साहू

### पहली बार मेयर के लिए सीधी टक्कर

दुर्ग नगर निगम में पहली बार महापौर के लिए भाजपा के अल्का बाघमार और कांग्रेस के प्रेमलता पोषण साहू के बीच सीधी टक्कर है। इस बार तीसरा प्रतिद्वंदी नही होने से वोट कटने की संभावना भी नही हैं। इसलिए मेयर पद के लिए जीत को लेकर प्रदेशभर के लागों की नजरे दुर्ग में टिकी हुई हैं। वही दुर्ग में पार्षद नौ प्रत्याशियों में सीधी टक्कर हैं, वहीं तेरह वार्ड में त्रिकोणीय और बागी और निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं।

### हर टेबल में 1 पर्यवेक्षक दो सहायक

प्रत्येक टेबल में एक गणना पर्यवेक्षक और दो सहायक होगें। दुर्ग के साठ वार्ड के प्रत्येक वार्ड में एक गणना पर्यवेक्षक और दो सहायक होगें। दोनो में तीस पर्यवेक्षक और सहायक रिजर्व रहेगें। दुर्ग के साठ वार्ड, भिलाई व रिसाली के एक एक वार्ड के लिए 24 प्रभारी अधिकारी, 62 रनर रहेगें, जो पेटी को लाने लेजाने का काम करेगें। वही आठ प्रभारी अधिकारी व पन्द्रह रनर रिजर्व में रहेगें। इसी तरह तीनों निकाय के लिए पन्द्रह एआरओ व उनके 72 सहयोगी रहेगें।

### निकायों के मेयर व अध्यक्ष और इतने वार्डों की गिनती

जानकारी अनुसार दुर्ग नगरनिगम के 59 वार्ड, नगरनिगम भिलाई और रिसाली व चरोदा का एक-एक वार्ड जहां उपचुनाव हैं। वहीं अहिवारा परिषद के पन्द्रह वार्ड, अमलेश्वर का अठारह, कुम्हारी का चौबीस, नगर पंचायत धमधा, पाटन, उतई का 15-15 वार्ड पार्षद के लिए हैं। इसके आलावा दुर्ग में मेयर और तीनों परिषद व पंचायत में अध्यक्ष के पदों की भी गिनती होगी।

### सवा दो लाख वोटों की होगी गिनती

नगर पालिका निगम दुर्ग के 63.78, नगर पालिका निगम भिलाई 56.93 नगर पालिका निगम रिसाली 69.03 भिलाई चरौदा निगम 76.77 कुम्हारी 78.32 अहिवारा 75.49 अमलेश्वर 79.90 पाटन नगर पंचायत 87.34 उतई नगर पंचायत 85.81 धमधा नगर पंचायत 83.33 टोटल 67.96 फीसदी वोटिंग हुई। दस निकायों में 333024 मतदाता थे। जिसमें पुरूष 111803 महिला 114518 अन्य 11 टोटल 226332 ने वोटिंग किया। इसमें एक लाख 6692 वोटरों ने मतदान में भाग ही नही लिया हैं। इस तरह दो लाख 26332 वोटो की गणना ईव्हीएम से होगी।

## सरकारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री मामले में दो गिरफ्तार

**वैशाली नगर पुलिस की कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सरकारी जमीन पर कब्जा कर फर्जी रजिस्ट्री तैयार कर जमीन को बेचने के मामले में पुलिस ने फिर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक आरोपी कोटवार भी है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि जोन 2 वार्ड 14 बाबदीप सिंह नगर से जुड़े सरकारी जमीन खसरा 5407/7 रकबा 0.023 हेक्टेयर को मुकेश बावने को पार्षद पति एन.धन राजु ने भेजा था। धनराजू ने जमीन को अरविंद भाई से खरीदा था। जबकि भूमि अभिलेखा अनुसार ग्राम छावनी स्थित भूमि के उक्त खसरा नंबर में उद्योग विभाग के लिए आंबटित है। जांच के बाद पुलिस ने राजनांदगांव ग्राम कापा कोटवार रतन लाल 46 वर्ष और कैलाश नगर वार्ड नं. 27 राजनांदगांव निवासी इंदल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी ने जमीन का फर्जी ऋण पुस्तिका के लिए लोगों से फर्जी आधार कार्ड बनाया था। आरोपियों से पुलिस ने मोबाइल, 8 आधार कार्ड बरामद किया है। आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। सरकारी जमीन के फर्जीवाडे खेल में अब तक 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि एन धनराजू और संतोष नाथ उर्फ जलांधर भी इसमें शामिल है। जल्द इनकी भी गिरफ्तारी किया जाएगा। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

- अब तक कुल 11 आरोपी गिरफ्त में है
- राजनांदगांव के ग्राम कापा का कोटवार है एक आरोपी

**दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की है घटना**

## साल भर से फरार हत्या के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हत्या के मामले में साल भर से फरार आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 506, 323 , 32 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि माह जनवरी 2024 में मिलपारा दुर्ग निवासी चंद्रीका बंजारे ने शिकायत किया था कि पड़ोसी मिलपारा डिपारापारा वार्ड 38 निवासी युवराज गुप्ता अपने पत्नी सोनिया के साथ विवाद मारपीट कर रहा था। इस दौरान पत्नी सोनिया गुप्ता डर से पीड़िता के घर पर छिप गई थी। जिसे युवराज गुप्ता खोजते हुए उनके घर पहुंचा। उसके पत्नी के बारे में पूछताछ करने लगा जिसे लेकर पीड़िता ने जानकारी होने से इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर युवराज गुप्ता गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। हाथ मुक्का और लकडी के बने खटिया के खुरा से मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने ससुर बाबूलाल बंजारे आए थे। उनके साथ भी युराज मारपीट करने से उनके सिर, शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई थी। उपचार के लिए बाबूलाल बंजारे को अस्पताल में दाखिल कराया गया। उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। तब से आरोपी मौके से फरार था । दुर्ग कोतवाली थाना प्रभारी विजय यादव की टीम ने मुखबिर की सूचना पर युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवराज गुप्ता को पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।



- विवाद के चलते लकड़ी के बने खटिया के खुरा से वार किया था

## शादी का झांसा देकर अनाचार, गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ अनाचर करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। उतई टीआई विपिन रंगारे ने बताया कि पुरई निवासी अमित यादव 17 वर्षीय नाबालिग को झांसा देकर लंबे समय से अनाचार करता रहा। आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी अमित को कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग की शिकायत पर अपराध कायम किया था। आरोपी और नाबालिग के बीच बीते दो वर्षों से प्रेम संबंध था। आरोपी शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार कर रहा था। कुछ दिनों से आरोपी नाबालिग को धमकी दिया करता था।

## ट्रक में भरकर महाराष्ट्र ले जा रहे थे मवेशी, दो गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरकर मवेशियों को अवैध रूप से महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा और 30 मवेशी बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक सफेद-लाल रंग ट्रक में मवेशियों को भरकर खैरागढ़ की ओर से नागपुर महाराष्ट्र की ओर कत्लखाना ले जा रहा है, जिस पर चिखली पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर ग्राम गठुला में नाकाबंदी किया गया। मौके पर अलग-अलग रंगों का गाय एवं बैल कुल 30 नग कीमती 300000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त ट्रक को जब्त किया गया तथा मवेशियों को सुरक्षार्थ रेवाडीह स्थित कॉजी हाऊस में रखा गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 281, 324(4), 3(5) बीएनएस, 4, 6, 10 छग पशु परिरक्षण अधि. 2004, 11 पशु के प्रतिक्रूरता अधिनियम 1960 के तहत विधिवत कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय आदेशानुसार जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना लालबाग प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस ईशु अग्रवाल, विनय आदि भूमिका रहा है।

## मवेशी से टकराकर बाइक सवार की मौत

**निकुम।** मवेशी में टकराने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामला अंडा थाना क्षेत्र का है। मिवी जानकारी के मुताबिक बीते गुरुवार रात 9:30 बजे ग्राम रूदा निवासी मोहनलाल देशमुख बाइक से पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहा था। इस दौरान खाड़ा रुदा मोड़ में मवेशियों का झूंड बैठा हुआ था। बाइक अनियंत्रित होकर मवेशियों से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी आसपास से गुजर रहे अनवर देशमुख ने पुलिस को दी। थाना प्रभारी अंडा भानुप्रताप साव ने बताया कि कि मवेशी से टकराने के हादसे में युवक की मौत हो गई है। बाइक चालक हेलमेट नहीं पहना था। शव को पीएम के लिए मरचुरी भेजा गया है।

## पूर्व सीएम के फार्म हाउस में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के फार्म हाउस में चोरी का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धार 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुरूदडीह निवासी नरोत्तम यादव ने शिकायत किया है कि उक्त कृषि फार्म पूर्व सीएम भूपेश बघेल का है। जिसका देखरेख नरोत्तम करता है। धान बोआई का काम चल रहा है। सिंचाई के लिये फार्म हाउस के भीतर एक पक्का कमरा बना है। कमरा के अंदर में बिजली का बोर्ड लगा है। जिसमें कटाउट और केबल वायर लगा हुआ है। जिससे सिंचाई का काम किया जाता है। केबल वायर का मोटर पंप कुंआं के अंदर तक लगा हुआ था। जिसे अज्ञात ने कमरे का ताला तोड़कर उक्त सारा सामान पार कर दिया है। जिसकी कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। घटना की जानकारी सुबह फार्म हाउस में पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई।

- फार्म हाउस से मोटर पंप का केबल वायर चुरा ले गए अज्ञात चोर

**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

**भिलाई में विदेशी संस्कृति का जमकर विरोध**

# ट्विनसिटी में प्यार करने वालों पर रहा बजरंग दल का पहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विदेशी संस्कृति वेलेंटाइन डे के विरोध में बजरंग दल ने शहर में पूरी तरह से प्यार करने वालों पर पहरा लगा रखा था। इस दौरान पिछले कई वर्षों से विदेशी संस्कृति का विरोध बजरंग दल करते आ रहा है। बजरंग 14 फरवरी को सुबह से ही ट्विनसिटी के पार्कों, होटलों में मॉल में सर्चिंग की गई और प्रेमी जोड़ों को पकड़ा गया। सभी प्रेमी जोड़ों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। दल ने पकड़े गए जोडो पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। दल का कहना है कि वैलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति नहीं है जिसे हर युवा युवतियां इसे ब्लैक डे के रुप में मनाना चाहिए। इस दिन पुलवामा में देश के वीर योद्धाओं अपनी जान देकर शहीद हुए थे। कुछ लोगों द्वारा आज के दिन प्रेम के नाम पर अश्लीलता फैलाते हैं। बजरंद दल ने ऐसे लोगों को खुला चेतावनी दिया। पकड़े जाने पर पूर्ण रूप से इनका विवाह करा दिया जाएगा इसकी जवाबदारी स्वयं प्रेमी जोड़ों की होगी। बजरंग दल इस संस्कृति को पनपने नहीं देगा। इस दौरान दुर्गा वहनी प्रदेश संयोजिका ज्योति शर्मा, अजय सेन, इंद्रजीत महाराज, कमाल साव, कौशल यादव, आकाश साहू, विशाल पांडेय आदि मौजूद थे।



### इस दिन वीर शहीदों को याद करे

नेशनल ह्यूमेन वेलफेयर कॉउसिल के स्टेट चेयरमेन तरुण निहाल ने कहा कि वेलेंटाइन डे विदेशी संस्कृति है। हम सबको इसका विरोध करना चाहिए। इस दिन अगर मनाना ही है तो पुलवामा में हमारे वीर जो शहीद हुए उनकी याद में घर में एक दीया जरुर जलाएं। जिससे हमारे युवां इस संस्कृति को छोड़ देश भक्ति की ओर आगे बढे। वेलेंटाइन डे का हर साल विरोध होना चाहिए।

**जन्मदिन उत्सव**
**आज अंतिम दिन**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, जिसे जमा करने की आज अंतिम तिथि है, पाठक अपना फार्मेट अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### गर्ल्स कॉलेज की डिलेश्वरी ओझा ने जीता पदक



दुर्ग। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत खिलाड़ी डिलेश्वरी ओझा ने झारखंड में आयोजित 38वें नेशनल गेम्स मेंज ट्रायथलॉन इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया है। वे ईस्ट जोन एवं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले चुकी एवं कई राष्ट्रीय खुली स्पर्धा में भी हिस्सा लिया है। इनकी दो बहनों ने भी नेशनल गेम्स में हिस्सा लिया धनु ओझा एवं भूमिका ओझा। डिलेशवरी की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अमिता सहगल, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ा समिति के संयोजिका डॉ.सुषमा यादव एवं डॉ.लता मेश्राम तथा महाविद्यालय परिवार की ने बधाई दी है।

### जेईई मेन परीक्षा के सेशन-1 का रिजल्ट जारी

दुर्ग। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम जेईई मेन 2025 परीक्षा के सेशन-1 के रिजल्ट जारी कर दिए। सेशन-1 की परीक्षाएं 22 से 30 जनवरी के बीच हुई थी, जिसमें दो सेंटर्स में 4242 अभ्यर्थी शामिल हुए। इस साल बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने जेईई मेंस में शानदार स्कोर किया है। एनटीए सेशन-2 का आयोजन 1 से 8 अप्रैल तक करेगा। अभ्यर्थी दोनों ही बार की परीक्षाएं दे सकते हैं। जबकि बेस्ट वन के स्कोर प्रवेश के लिए होंगे। इस साल जेईई मेंस पैटर्न में भी बड़े बदलाव हुए। न्यूमेरिकल वैल्यू के 10 प्रश्न आया करते थे, जिसमें से 5 बनाने होते थे। वहीं अब सिर्फ 5 प्रश्न पूछे गए। जेईई मेन परीक्षा के लिए पहला पेपर बीई, बीटेक 22, 23, 24, 28, 29 जनवरी को दोनों पालियों में कराया गया।

### कन्या कालेज में प्रायोगिक परीक्षा 19 से

दुर्ग। शाासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में बी.ए. गृहविज्ञान के नियमित, भूतपूर्व, अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों के गृहविज्ञान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 20 फरवरी, गृहविज्ञान विभाग में प्रातः 10.30 बजे एवं बी.ए. मनोविज्ञान के नियमित, भूतपूर्व अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों के मनोविज्ञान प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 21 फरवरी तथा तृतीय वर्ष की 19 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे मनोविज्ञान विभाग में आयोजित होगी।

### चिकित्सा सुविधा हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

दुर्ग। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत सामग्री वितरण, वापसी स्थल पर मतदान दल के कर्मियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग डॉ. मनोज दानी (93010-50771) को नोडल अधिकारी तथा सिविल सर्जन एवं सह अस्पताल अधीक्षक हेमन्त साहू (78796-49648) को सहायक नियुक्त किया गया है। जिसके अनुक्रम में पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में समय-अनुसूची (कार्यक्रम) अनुसार मतदान कर्मियों को चिकित्सा सुविधा नियत दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

# मेयर के लिए लंबा इंतजार, शेष निकायों का पहले आएगा रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आज पन्द्रह फरवरी को जिले के दसों निकायों के मेयर, अध्यक्षों और 164 पार्षदों के जीत का रिजल्ट सामने आ आएगा। सबसे पहले रिसाली, भिलाई और चरोदा में एक-एक वार्ड जहां उपचुनाव है। यहां रिजल्ट पहले आएंगे। वहीं अहिवारा परिषद, तीनों नगर पंचायत का रिजल्ट एक साथ आएगा। चारों निकाया में पन्द्रह-पन्द्रह वार्ड होने से रिजल्ट जल्दी मिलेगी। इसके बाद कुम्हारी परिषद के चौबीस वार्ड में शामिल 37 बूथ की गणना होगी। अंत में दुर्ग नगरनिगम के साठ वार्ड में शामिल 265 बूथ के रिजल्ट सामने आएंगे।

दुर्ग नगरनिगम में सबसे ज्यादा वार्ड और बूथ अधिक होने के कारण यहां मेयर के जीत के रास्ता का लंबा इंतजार करना पडेगा। हांलाकि 50 फीसदी वार्डों की गिनती के बाद रुझान सामने आने लगेंगे। वार्ड के बूथवार गिनती से पार्षदों के जीत का ऐलान होता रहेगा। जानकारी अनुसार दसों निकायों में चार सौ से अधिक बूथ होने से इतने ही राउंड की गणना होगी। अफसरों ने बताया कि, सभी निकायों में वार्ड के अनुसार टेबल लगाए गए है। वार्ड में शामिल बूथ के अनुसार राउंडवार गिनती होगी और हर राउंड के बाद परिणाम की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

## मतगणना 15 फरवरी को सुबह 9 बजे, कलेक्टर ने लिया जायजा

### सुबह आठ बजे टेबल में उपस्थिति देनी होगी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने पुलगांव (दुर्ग) स्थित भारती विश्वविद्यालय परिसर मतगणना स्थल में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सुबह आठ बजे टेबल में सभी की उपस्थिति सुनिश्चित करनी हैं। प्रशिक्षण के दौरान बताये जानकारी को ध्यान में रखते हुए वे कुशलतापूर्वक मतगणना का कार्य संपन्न करना सुनिश्चित करें। उक्त कार्य में मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए रिटर्निंग अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे। कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई एवं रिसाली के वार्ड उप निर्वाचन के मतगणना कक्षों का भी अवलोकन किया।



### सिर्फ पेन, पैसिंल और कैल्कुलेटर

मतगणना स्थल पर लैपटॉप, आई पैड, मोबाईल, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पान, बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य मादक पदार्थ ले जाना प्रतिबंधित है। आयोग के निर्देशानुसार केवल पेन, पेंसिल, कैल्कुलेटर ले जाया जा सकते है। इधर एक दिन पहले जिला निर्वाचन आयोग द्वारा निकायों के अधीन आने वाले शराब दुकानों को भी सुरक्षा की दृष्टि से बंद किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### दो हाल में दुर्ग निगम की गिनती

पुलगांव स्थित भारतीय कालेज में दो हाल बनाए गए है। जिसमें साठ टेबल लगेगे, दुर्ग नगरनिगम के साठ वार्ड की गिनती इसी हाल में होगी। वही रिसाली, भिलाई और चरोदा के लिए अलग से कमरे में गिनती की जाएगी। अफसरों ने बताया कि, ईव्हीएम मशीन से वोटिंग का फायदा यह होगा कि, प्रत्याशियों को मिले एक भी वोट खराब नही होगें। यहां तक कि दो वोट में अगर एक वोट भी दिए हैं, उसक गिनती होगी।

## पंचायत चुनाव : तीन चरण में होंगे पंचायत चुनाव, पहले चरण के लिए कल विराम

# शहर के बाद गांव में चुनावी दंगल एक दिन पहले बांटी जाएगी सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में मतदान की प्रक्रिया निपटने के बाद गांव में चुनावी दंगल शुरू हो गया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला सदस्य के 5130 पदों पर चुनाव होना है। तीन चरणों में होने वाले चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने प्रचार प्रसार में ताकत झोंक दी है। गांव में जहां दिनभर जनसंपर्क जारी हैं, वही देर शाम चौपाल में जमकर चुनावी चर्चा हो रही हैं।

शहरीय चुनाव के निपटने के बाद पंचायत चुनाव भी करीब में है। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। गांव में इन दिनों प्रत्याशी प्रचार-प्रसार के लिए डोर टू डोर जनसंपर्क कर रहे हैं। प्रत्याशी सोशल मिडिया का भी जमकर उपयोग कर रहे हैं। गांव में इन दिनों प्रचार के चलते मेला जैसा माहौल है। पंच से लेकर सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत चुनाव लड़ रहे नेता लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं। ऐसे में सुबह से लेकर देर रात तक गांवों में हलचल बनी हुई है। बैनर, पोस्टर और वॉल राइटिंग भी जगह-जगह देखने को मिल रही है। इसके साथ ही प्रत्याशी ग्रामीण मतदाताओं को रिझाने के लिए कई तरह के स्थानीय कार्यक्रम भी आयोजित करा रहे हैं। अफसरों ने बताया कि, तीनों चरण के लिए जिस दिन मतदान रहेगा, उसके एक दिन पहले सामग्री वितरण कर दल रवाना कर दिया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के पहला चरण का मतदान सत्रह फरवरी को है। एक दिन पहले यानि कल प्रचार प्रसार थम जाएगा।

## चुनाव के एक दिन पहले मतदान दल सुबह सामग्री लेकर होंगे रवाना

**खास बातें**

- पहले चरण के चुनाव का कल से प्रचार-प्रसार पर लगेगा विराम
- एक दिन पहले डोर-टू-डोर करेंगे जनसंपर्क
- जिला निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए अमले को दी ट्रेनिंग



### एक साथ चार वोट डालेंगे ग्रामीण, अलग रंग का मतपत्र

पंचायत चुनाव में ग्रामीण मतदाता कुल चार वोट डालेंगे। जिले में दुर्ग, धमधा, पाटन को मिलकर तीन सौ ग्राम पंचायत हैं। जिसमे दुर्ग में 73, धमधा में 108 और पाटन में 119 ग्राम पंचायत हैं। वही जनपद पंचायतो की कुल संख्या 74, जिला पंचायतो सदस्यों की संख्या कुल 12 हैं। इस तरह जिले में 5123 पदों पर चुनाव होने हैं। इसमें पंच पद का बैलट पेपर सफेद रंग का होगा। ऐसे ही सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र तैयार किया गया है।

### मतदान के एक दिन पहले दल होगा रवाना

सोलह फरवरी को पहले चरण के लिए मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। जनपद पंचायत दुर्ग के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग में 16 फरवरी 2025 को सुबह 6 बजे मतदान दल को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा और मतदान पश्चात 17 फरवरी 2025 को शाम 6 बजे मतदान सामग्री जमा की जाएगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत पाटन के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पाटन में 19 फरवरी 2025 को सुबह 6 बजे मतदान दल को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा और मतदान पश्चात 20 फरवरी 2025 को शाम 6 बजे मतदान सामग्री जमा की जाएगी।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दिन बंद रहेगी शराब दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत के आम उप निर्वाचन 2025 हेतु मतदान दिवस 17 फरवरी 2025, 20 फरवरी 2025 एवं 23 फरवरी 2025 को मदिरा दुकाने बंद रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

- कलेक्टर ने आदेश जारी कर मतदान दिवस पर

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के निर्वाचन क्षेत्रों में एवं निर्वाचन क्षेत्र से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेंट-बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे- एफ.एल.-1 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.2 (घघ कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.-1 (ख-अहाता), एफ.एल.1 (ख-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.-3(ग), 4(क), 5, 5 (क), 9, 9(क) एवं एफ.एल.-10 को बंद रखे जाने हेतु 'शुष्क अवधि' दिवस घोषित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम चरण अंतर्गत विकासखण्ड दुर्ग एवं अन्य जिला राजनांदगांव के विकासखण्ड राजनांदगांव में 15 फरवरी 2025 को 3 बजे से 17 फरवरी 2025 तक की मतगणना समाप्ति तक रसमड़ा (बोरई) में बॉटलिंग ईकाई, खपरी में एफ.एल.-3(ग), अंजोरा में सीएस2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता) एवं एफ.एल.-4(क) का संवयवहार प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार ग्राम अण्डा में सी.एस.2 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ), सी.एस.2 (ग-अहाता), ग्राम जेवरासिरसा में सी.एस.2 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ), सी.एस.2 (ग-अहाता), एफ.एल.1 (ख-अहाता), ग्राम अरसनारा में एफ.एल.-10, सी.एस.2 (घघ कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.-1 (ख-कम्पोजिट अहाता), ग्राम धनोरा में सी.एस.2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), ग्राम पुरई में सी.एस.2 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ), सी.एस.2 (ग-अहाता) का संवयवहार प्रतिबंधित रहेगा। इसी क्रम में द्वितीय चरण अंतर्गत जिले के विख पाटन एवं अन्य जिला बालोद के विख बालोद अंतर्गत 18 फरवरी 2025 को 03 बजे से 20 फरवरी 2025 की मतगणना समाप्ति तक ग्राम जामगांव में सीएस.2 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ), सी.एस.2 (ग-अहाता), एफ.एल.1 (ख-अहाता), ग्राम असोगा में सी.एस.2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता) का संवयवहार प्रतिबंधित रहेगा। तृतीय चरण अंतर्गत विख धमधा एवं अन्य बालोद के विख गुण्डरदेही शामिल हैं।

# डंगनिया में स्वच्छाग्रही ने घर-घर जाकर किया ग्रामीणों को जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में जाबो कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अनुक्रम में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत ग्राम पंचायत डगनिया जनपद पंचायत धमधा में स्वच्छता ग्राहियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने घर-घर जाकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुरूप फूलों की रंगोली बनाकर, कलश रखकर सफल मतदान की कामना की गई। इसके अलावा महिलाओं द्वारा रैली निकालकर प्रेरणात्मक नारे लगाते हुए मतदान हेतु प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान में रिपुसूदन उमरे स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जनपद पंचायत धमधा, सचिव डॉ. शंकर लाल पटेल, सुश्री सावित्री यादव पीआरपी जनपद पंचायत धमधा, जसोदा निषाद एफएलसीआरपी, तुलसी यादव, भावना चक्रधारी, सरस्वती यादव, अन्नपूर्णा, भुनेश्वरी साहू, रूपा यादव, किरण यादव, मंजू यादव, दामिनी साहू, जानकी सेन, गीता, सीमा बंजारे, कौशल्या श्रीवास, कुमारी चक्रधारी, ज्योति यादव, रजनी मानिकपुरी, पूजा साहू, सरिता साहू सहित ग्राम पंचायत डंगानिया की 400 महिलाओं के साथ आसपास की सभी सक्रिय महिलाएं, कृषि सखी, पशु सखी आदि सम्मिलित हुईं।

- पारंपरिक ढंग से दिया मतदान का संदेश

# दुर्ग जिले का इकलौता डबल डेकर सुलभ शौचालय भिलाई में, लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में नागरिको की सुविधा के लिए 117 से अधिक सामुदायिक सुलभ शौचालय संचालित हो रहे है। जिसकी पुरी व्यवस्था निगम प्रशासन द्वारा किया जाता है। कुछ शौचालयों का मरम्मत/संधारण, निर्माण आदि का कार्य किया जा रहा है। ऐसे शौचालय समय अवधि में गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण हो उसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय आज प्रातः 8 बजे पहुंच गये। जोन क्रं. 2 के कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, संधारण करने वाली एजेंसी को जो कमियां थी उसे दूर करके शीध्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किये। सुलभ शौचालय नागरिको के उपयोग के लिए है, इसे समय अवधि में पूरा करना सबकी जिम्मेदारी है।



रामनगर मुक्तिधाम के पास 52 सीटर डबल डेकर सबसे बड़ा सुलभ शौचालय का निर्माण किया गया है। जो वहां के नागरिको के लिए बहुत उपयुक्त है, वहां पर निगम द्वारा साफ-सफाई एवं पर्याप्त पानी की व्यवस्था की गई है। 65 वर्षीय डेरहा राम यादव ने बताया कि सब मन आथे गंदा करके चले जाथे, ये नई सोचे की जइसे साफ सुथरा मोला मिले हे, वइसे ही दुसर मन ला मिले। जब तक सब के आदत नई सुधरही, तब तक सरकार कतको भी प्रयास करही साफ-सफाई नई दिखे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, पीआईयू अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी आदि उपस्थित रहे।

# श्रमिकों को नहीं मिल रहा मानदेय, सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

समीपस्थ औद्योगिक ग्राम रसमड़ा में संचालित टॉप वर्थ स्टील प्राइवेट लिमिटेड के मालिक एवं प्रबंधन को कार्यरत श्रमिकों को शासन द्वारा दे मानदेय पारिश्रमिक एवं श्रम कानूनों का पालन नही किए जाने के चलते ज्ञापन दिया गया हैं। पूर्व सरपंच एवं बंधक श्रम सतर्कता व निगरानी समिति दुर्ग ब्लॉक के सदस्य रामखिलावन यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा गया है। कंपनी मालिकों के नाम प्रबंधक कमलेश पवार को सौपे ज्ञापन में कहा गया है कि, आपके संस्थान टॉप वर्थ स्टील प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत श्रमिकों को शासन द्वारा निर्धारित न तो पारिश्रमिक दी जा रही है, और न ही अकुशल से अर्धकुशल, अर्धकुशल के कुशल एवं कुशल से उच्च कुशल की पदोन्नति वेतन वृद्धि की जा रही है। ज्ञापन सौपने वालो में प्रमुख रूप से भाजपा बूथ अध्यक्ष सोहन निर्मलकर, भाजपा नेता रूपेश यादव, रामनारायण निषाद, भूषन वैष्णो, गन्नू चंद्राकर, बृजभूषण यादव, लव ठाकुर, नवीन देवदास, विजय कुमार ठाकुर, बैकुण्ठो रावत, तुलसी यादव, महेंद्र यादव, विक्रांत दादु यादव, रवि ठाकुर, रवि यादव, जीतू यादव, दुष्यंत निषाद, करण यादव, रामेश्वर साहू, चेमन निषाद, राजेश साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन शामिल थे।



### 16 और 23 को दुर्ग-दल्ली व अंतागढ़-दुर्ग ट्रेन रद्द

दुर्ग। दल्लीराजहरा मार्ग में फाटक 5 पर रोड अंडरब्रिज में ब्लॉक लगाने का काम किया जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। जिसकी वजह से 16 फरवरी और 23 फरवरी को 78824 दुर्ग-दल्ली-राजहरा समेत 2, 9 और 13 मार्च को रद्द रहेगी। इसी तरह 78818 अंतागढ़ दुर्ग ट्रेन 16 और 23 फरवरी समेत मार्च में 2, 9 और 13 को सिर्फ दल्ली-राजहरा तक ही चलेगी।यह ट्रेन दल्ली राजहरा से दुर्ग तक रद्द रहेगी। अंडरब्रिज बन जाने के बाद फाटक के नीचे से लोगों को आने-जाने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

### महमरा में 19 को मंडई मेला

दुर्ग। ग्राम महमरा में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी मड़ई मेला का कार्यक्रम 19 फरवरी को आयोजित किया गया है। दिन में गांव के समस्त देवी देवताओं के मंदिर में पूजा पाठ हवन और शाम को मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी वाद्ययंत्र को सहेजने काले प्रधानमंत्री द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित श्री रिखी क्षत्रिय का कार्यक्रम लोक रागनी की प्रस्तुति का आयोजन किया जायेगा ।

# कांग्रेस ने अभिकर्ताओं को सतर्कता बरतने दिए टिप्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मतगणना के एक दिन पहले कांग्रेस ने राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मतगणना अभिकर्ताओं की विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें महापौर व पार्षद गणना अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रिया में सतर्कता बरतने और कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक टिप्स दिए गए। पूरे 60 वार्डों के लिए 60 मतगणना अभिकर्ता नियुक्त किए गए, जिन्हें निर्देश दिया गया कि, वे ईवीएम के नियंत्रण यूनिट और मतदान यूनिट के मिलान नंबर पर विशेष ध्यान दें और हर वोट की बारीकी से जांच करें। इस बैठक में जिला अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व सभापति राजेश यादव, परमजीत सिंह भुई, ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा, राजकुमार साहू, राजकुमार पाली, प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, अनूप वर्मा, आयुष शर्मा, आनंद देव ताम्रकार, अनीश रजा, विमल यादव, शिवाकांत तिवारी, संतोष सोनी, मोहित वाल्दे सहित सभी पार्षद प्रत्याशी एवं उनके

### दो दिन फिर रहेगी हल्की ठंडक मौसम में अचानक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इन दिनों जिले में कभी हल्की ठंडक तो कभी अच्छी गर्मी का अहसास हो रहा है। ऐसे में जहां दिन में अच्छी गर्मी पड़ रही है तो वहीं शाम होते ही हल्की ठंडी हवाएं चल रही हैं।

- मौसम में तब्दीली के चलते गर्मी से मिली राहत

शुक्रवार को जिले में मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री रहा। तो वहीं न्यूनतम तापमान में औसत गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के विशेषज्ञ का कहना है कि पिछले 24 घंटों में मध्य छत्तीसगढ़ यानी दुर्ग संभाग के न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट आई। अधिकतम तापमान में परिवर्तन नहीं हुआ। इसी तरह अगले 24 घंटों में जिले का न्यूनतम तापमान 1 से 3 डिग्री के आसपास और नीचे आ सकता है। इसके बाद रात का पारा 2 से 4 डिग्री अधिक रहने का अनुमान है। हवाओं के आगमन की दिशा में हो रही परिवर्तन की वजह से तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन रही है।

## खबर संक्षेप



### नवविवाहित जोड़े ने बच्चों को कराया न्योता भोजन

**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला मटंग में प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के अंतर्गत प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार मिथलेश के पहल पर उनके नवविवाहित पुत्र गौरव कुमार मिथलेश व रानी मिथलेश पुत्र वधु ने अपने शादी के शुभ अवसर पर शाला के बच्चों को अपने हाथ से न्योता भोजन कराया। न्योता भोजन में बच्चों को खीर, पुड़ी, चावल, दाल, पापड़, जलेबी, आलू मटर की सब्जी परोसा गया। इसके अलावा बच्चों को बिस्कुट व लडडु का भी वितरण किया गया। प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार मिथलेश ने शासन की योजना प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के तहत पूरक पौष्टिक भोजन के सम्बन्ध में प्रकाश डालते हुये बताया की शासन के मंशानुरूप भोजन को रुचि कर बनाने के साथ साथ सम्पुर्ण आहार प्रदान करने यह योजना लाई गई है। ग्राम के कोई भी व्यक्ति, समाज या समुह अपनी स्वेच्छा से भोजन करा सकते है। इस अवसर पर बलराम वर्मा शिक्षक, धरोहर प्रसाद, भगवानी राम साहू, शाला समिति के अध्यक्ष हितेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## निधन

### आशीष कुमार चक्रवर्ती



**भिलाई।** 6/ए, सड़क 6, सेक्टर 4 शिकार्ड निवासी व फोर्ज शॉप भिलाई इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व कर्मी आशीष कुमार चक्रवर्ती उम्र 58 वर्ष का निधन 14 फरवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 15 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व. अरुण कुमार चक्रवर्ती के पुत्र एवं रत्ना चक्रवर्ती के पति और रूपम चक्रवर्ती, देविका के पिता थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

### मीना परीडा



**भिलाई।** एमआईजी-1/336, हुडको निवासी मीना परीडा उम्र 82 वर्ष का निधन 13 फरवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 14 फरवरी को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे किशोर, कमल, अमल परीडा व रीना नायक, कनी जेना की मां और श्री जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर 4 के महासचिव सत्यवान नायक की सासू मां थीं। श्री जगन्नाथ समिति ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अंबिका देवी सोनी



**भिलाई।** जैन मंदिर रोड, मैथिल पारा, वार्ड -32 निवासी अंबिका देवी सोनी उम्र 74 वर्ष का निधन 14 फरवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 15 फरवरी को दुर्ग शंकर नगर स्थित हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. शिवनारायण सोनी की पत्नी थीं। वे अपनी पीछे श्रवण सोनी, हिमाक्षी सोनी, आयुष सोनी, दिव्या सोनी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

प्रो.क्र. 29/2025, पेशी- 05/03/2025
Civil Judge and Magistrate Court. Durg
न्यायालय का नाम Shri Bhagwan Das Panika
II CJ-I/JMFC, Durg, Durg, Durg.
Succession/7/2025 Jaindas Deshlahare and others Vs Aam Janta and others
NEXT DATE: 05-03-2025
विवाद्यको के स्थिरीकरण के लिए समन (O. 5, R. 1, 5.)
प्रेषिति, Aam Janta and others
whichever is of interest, DURG, CHHATTISGARH
चूंकि वादी Jaindas Deshlahare and others ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते हेतु वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 05-03-2025 को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिसादन का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या प्रतिसादन के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाये या पीठासीन अधिकारी के अवकाश होने पर प्रकरण अगले कार्य दिवस पर रखा जावेगा और अगर आप अगले कार्य दिवस पर अनुपस्थित रहते है तो प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी।
यह आज तारीख 04-02-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
(मुहर) II CJ-I/JMFC, Durg

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई मातृ-पितृ पूजा

# बच्चों का लालन-पालन कर माता-पिता गढ़ते हैं भविष्य, समारोह में किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के डॉ. हेडगेवार सदन में माता-पिता वंदन समारोह का आयोजन शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समारोह के प्रारंभ में गायत्री परिजन डीडी मानिकपुरी एवं अश्वनी कुमार साहू के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू सहित उपस्थित पालक, माता-पिता और विद्यालय परिवार ने आहुतियां डाली। तत्पश्चात प्रतिभागी माता पिता ने कुर्सी दौड़, डिस्पोजल जमाओ, गुब्बारा फोड़ो, बास्केट बॉल, मोमबत्ती जलाओ, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में जमकर भाग लिए। प्रतिभाशाली प्रतिभागी माता-पिता को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेता के अलावा सभी प्रतिभागी माता-पिता को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

माता-पिता वंदन समारोह के अतिथि मंच पर प्रतियोगिताओं में प्रथम आए माता दिव्या टंडन, रानी चंद्राकर, योगेश्वरी सिन्हा, सरिता साहू, दिव्या भारती, सरिता यादव मंचासिन रहे। उपस्थित माता-पिता का संतानों ने चंदन तिलक लगाकर पुष्प चढ़ाकर चरण वंदन कर पूजा किए। अतिथि मंच से दिव्या टंडन ने कहा कि माता पिता धरती के भगवान है जो संतान को ब्रह्मा, विष्णु, महेश की भूमिका निभाते हुए जन्म देते है लालन पालन और संरक्षण प्रदान करते है। भारत में जन्म लेने वाले संतान बड़े सौभाग्य शाली है जिन्हें माता पिता का भरपूर प्यार मार्गदर्शन आशीर्वाद मिलता है।संतान इस गुर रहस्य को समझे और होनहार बने माता पिता गुरु के चरणों में गौरवमय इतिहास की रचना कर समर्पित करे।उन्होंने कहा कि बड़े सौभाग्य की बात है इस एरिया में संस्कारित शिक्षा के लिए न्यूनतम शुल्क में सुविधा युक्त सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर की 34 वर्षो से सतत सेवा मिल रही है।सब लाभ उठाए अपने बच्चों को संस्कारित शिक्षा देकर होनहार भविष्य बनाए।

### माता-पिता गुरु को गौरवमय इतिहास रचकर तोहफा दें



### माता-पिता बच्चो के रोल मॉडल बने

अतिथि माता योगेश्वरी सिन्हा ने कहा कि माता-पिता बच्चो के रोल मॉडल बने । बच्चों को होनहार बनाना है तो स्वयं अपनी दिनचर्या आचार व्यवहार को अच्छा बना ले, बच्चे आपको देखकर ज्यादा सीखते हैं। वहीं माता रानी चंद्राकर ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर हमारे बच्चों को संवारने के लिए सर्वांगीण विकास का प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रही है, लेकिन माता- पिता की कितनी भूमिका बच्चो के हित में इसे स्वयं परखे। माता कीर्ति साहू ने कविता के माध्यम से अपनी बात रखी।कृपाल बंजारे ने संस्कारित शिक्षा की महत्ता पर व्यापक प्रकाश डाले, नेहा चंद्राकर ने भी प्रेरक संदेश अभिव्यक्त किए। माता-पिता की सामूहिक वंदन गीत विद्यालय आचार्य दीदियों ने सामूहिक प्रस्तुति दिए।

### इन माता-पिता को मिला पुरस्कार

प्रतियोगिता फुगगा फोड़ों में रानी चंद्राकर प्रथम, पद्मिनी द्वितीय, कुर्सी दौड़ में दिव्या टंडन प्रथम, देवकी द्वितीय, डिस्पोजल जमाओ में योगेश्वरी सिन्हा प्रथम , भोपिका साहू द्वितीय, बास्केट बॉल में सरिता साहू प्रथम, मोमबत्ती जलाओ में दिव्या भारती को प्रथम, मंजू बंजारे द्वितीय, बिंदी लगाओ में सरिता यादव प्रथम, संतोषी नायक द्वितीय स्थान पर पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किए गए। सांत्वना पुरस्कार माता गायत्री साहू, काजल चंद्राकर, कीर्ति साहू, प्रभा साहू, उमेश्वरी सेन, नेहा चंद्राकर, पद्मनी श्रीवास, उमा साहू, संतोषी वर्मा और मनीष चंद्राकर को प्रदान किया गया। संचालन व्यवस्था प्रधानाचार्य दिव्या चंद्राकर एवं आभार प्राचार्य पीएल बारले ने किया।

## चुनावी हलचल

### जीत के लिए हनुमान जी के शरण में पहुंची आशा



**निकुम।** क्षेत्र क्रमांक 7 में भाजपा समर्थित आशा सुरेश साहू क्षेत्र के 20 गांव में लगातार चुनाव प्रचार कर जनता से जीत का आशीर्वाद मांग रही है। वहीं दिव्यांग पति सुरेश साहू बैशाखी लेकर अपने पत्नी के साथ कदम से कदम मिलाकर चुनाव में जीत के लक्ष्य को लेकर जनता से जनआशीर्वाद ले रहे हैं, वहीं उनके हौसले को देखकर जनता का आर्शीवाद मिल रहा है, ग्रामीणों से कहा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर सजक होकर और प्रयास करती रहूंगीजरूरतमंदों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। वहीं दिव्यांगों, बेरोजगारों, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बेहतर कार्य करने का वादा कियाकल जीत के संकल्पों को लेकर 15 वाहनों में पूरे क्षेत्र में काफिला निकलेगा, प्रत्याशी आशा साहू ने श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकुम जाकर दर्शन कर जीत का आशीर्वाद मांगा।

### जिपं सदस्य बनाने आशा ने की लोगों से अपील



**अंडा।** पंचायत चुनाव की धमक से गांव में उत्सव जैसा माहौल है। जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के उम्मीदवारों के साथ समर्थकों का हुजूम, फौज पटाकों के साथ नृत्य मंडलियों के झूमते गाते नाचते गांव में प्रवेश करने से गांव वाले बाहर निकल कर प्रत्याशियों से मेल मुलाकात करने लगते हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 की कांग्रेस पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी आशा विक्की मिश्रा इन दिनों अपने प्रचार में गांव-गांव पहुंच रही है। पूर्व में विक्की मिश्रा अपने क्षेत्र के जनपद सदस्य रहे है और इस चुनाव में अपनी पत्नी आशा मिश्रा को जिला पंचायत सदस्य बनाने जोरशोर से प्रचार कर रहे हैं। शुक्रवार को वह अपने क्षेत्र के कोलिहापुरी, पिसेगांव, चंदखुरी, कोनारी, कुथरेल, भरदा, अछोटी, चिंगरी, अंडा, विनायकपुर, आमटी, माशाभाट, निकुम, आलबरस, तिरगा, झोला, भोथली, खाड़ा, रूदा, अंडा गांव में प्रचार में लगी रही। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि वह जिला पंचायत सदस्य के रूप में आपके हर दुख सुख में हमेशा खड़ी रहूंगी। अगर आप लोगों का साथ और सहयोग मिल जाएगा तो मैं आपको विश्वास दिलाती हूं कि जिला पंचायत में शासन की सभी योजनाओं पर काम करना होता है और इसकी सदस्य बनकर मैं क्षेत्र क्रमांक 7 में विकास कार्यो के क्रियान्वयन में पूरी ताकत लगा दूंगी।

### रैली निकालकर माया जोरशोर से कर रहे प्रचार



**अंडा।** जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी माया बेलचंदन जोरदार प्रचार में जुटीं हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 7 में 20 गांव के लगभग 40 हजार से ऊपर मतदाता है। यही कारण है कि माया बेलचंदन सुबह से ही अपने दल-बल के साथ प्रचार के लिए निकल जाती है। दिन भर में अपने क्षेत्र के गांव में ही प्रचार के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं से भेंट मुलाकात करती हैं। शुक्रवार को इस क्षेत्र मोटर साईकिल रैली में क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी, चंदखुरी, कोनारी, भरदा, निकुम, तिरगा, झोला, आमटी, विनायकपुर, अंडा, चिंगरी आदि गांव में अपना प्रचार करते हुए माया बेलचंदन ने ग्रामीणों से कहा कि वे भाजपा की तरफ से अधिकृत उम्मीदवार हैं। भाजपा ने छत्तीसगढ़ बनाया है और भाजपा ही छत्तीसगढ़ को संवारेगी। पूर्व कार्यकाल में उन्होंने अपने क्षेत्र में कई विकास कार्य किया है उससे गांव-गांव में भाजपा के प्रति ग्रामीणों का विश्वास बढ़ा है। जिला पंचायत के माध्यम से ग्राम विकास की अनेक योजनाओं का लाभ दिलानेवे वचनबद्ध हैं। चुनाव उपरांत आप लोगों का आशीर्वाद मिला तो वे फिर आएंगी और साथ बैठकर सबकी सलाह से विकास कार्य के बारे में निर्णय लेकर काम करेगी। इस रैली मनोज, हेमलता सुरेश देशमुख, भूपेंद्र साहू, खेम लाल चन्द्राकर, टिकाराम साहू, घनश्याम दिल्लीवार, जय प्रकाश भारदीय, कामता दिल्लीवार, टुम्मन कोशे, अजीत चन्द्राकर, मुकेश चन्द्राकर, अमीत चन्द्राकर, राकेश चन्द्राकर, योगेन्द्र दिल्लीवार, डॉ. केएल दिल्लीवार, राजेश चन्द्राकर, लक्ष्मण देशमुख, विश्राम दिल्लीवार सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में इस रैली अधिक से अधिक संख्या में शामिल हुए।

### सरस्वती ने पतंग चिन्ह में वोट देने की अपील की




**भिलाई।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 4 के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी सरस्वती बंजारे चुनाव चिन्ह पतंग द्वारा धुंआधार जनसंपर्क किया जा रहा है। जिसके तहत 14 फरवरी को मोहंदी, नारधा, पोखरा, ढौर, मुड़पार ग्रामों का दौरा कर जनसंपर्क करके भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए निवेदन किया गया है। सरस्वती बंजारे ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान लोगों का भाजपा को भारी समर्थन मिल रहा है। भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से लोग प्रभावित हैं। भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से प्रभावित होने के कारण लोगों का जनसमर्थन मिल रहा है। साथ ही क्षेत्रीय विधायक एवं भाजपा संगठन के साथ सैंकड़ों महिलाएं सरस्वती बंजारे के पक्ष में भाजपा को वोट देने के लिए लोगों को प्रेरित करने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं और प्रचार प्रसार के लिए प्रतिदिन क्षेत्र में दौरा करती हैं।

# छाटा में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा



**सेलूद।** ग्राम छाटा में गुरुवार से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । वहीं दोपहर 3 बजे कलश यात्रा के साथ आयोजन की शुरुआत हुई। यह आयोजन 21 फरवरी तक चलेगा। कथा के मुख्य यजमान गिरधर लाल बघेल एवं शशैल बघेल हैं। बघेल परिवार के द्वारा कथा आयोजन की तैयारी व्यापक रूप से की गई है। कथा व्यास से बाल विदुषी दिव्य कन्या भगवती रेणुका दीदी गोस्वामी ग्राम लेवई भाटापारा जिला बलौदाबाजार ने प्रथम दिवस भागवत पुराण के महात्म की कथा सुनाई। यह गिरधर बघेल परिवार द्वारा भागवत कथा का आयोजन अपने पिता स्व. बृजलाल बघेल, माता स्व. भूलिन बाई एवं पुत्री स्व. सुमन बघेल की स्मृति में कराया जा रहा है । कथा के पहले दिन गुरुवार को कलश यात्रा, बेदी पूजन, गौकर्ण उपाख्यान हुआ। वहीं शुक्रवार को पुराण प्रारंभ हुई जिसमें सुखदेव जन्म एवं परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। 15 फरवरी शनिवार को कपिल अवतार, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई जाएगी । 16 फरवरी को जड़ भरत कथा, आजिमाल ,प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई जाएगी । 17 फरवरी सोमवार को गजेंद्र मोक्ष, वामन चरित्र ,राम कथा, कृष्ण जन्म की कथा सुनाई जाएगी। इसी तरह 18 फरवरी को बाल लीला ,गोवर्धन लीला, माखन चोरी एवं रास महाराज की कथा सुनाई जाएगी । 19 फरवरी को कंस वध ,उद्धव गोपी संवाद, श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन होगा। 20 फरवरी को सुदामा चरित्र ,परमधाम गमन एवं परीक्षित मोक्ष कथा होगी। कथा के विश्राम दिवस 21 फरवरी को गीता पाठ ,तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति, देव विदाई, ब्राह्मण भोज, हवन, कपिल दर्पण सहस्त्र धारा के साथ कथा विश्राम होगा।

■ भागवत कथा के कथा वाचक बाल विदुषी रेणुका दीदी है



### पंचायत चुनाव में मतदाताओं को लुभा रहे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सेलूद

जब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की बिगुल बजी है ग्रामीण मतदाताओं की बल्ले बल्ले हो गई है हर को शाम को किसी न किसी प्रत्याशी के द्वारा शाम को बैठक रखा जाता है वहाँ वार्डवार कुछ वार्ड के मतदाताओं को बैठक में बुलाया जाता है सभी बुलाये गये मतदाताओं के इकट्ठा होने के बाद प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान की बात रखता है फिर चाय नाश्ता का दौर चल पड़ता है ।ऐसे मतदाताओं को अब किसी न किसी प्रत्याशी के बुलावे आते रहते है और उनका शाम का खर्चा फ्री में निकलने लगा है । मतदाता सबसे सजग नजर आते है किसी प्रत्याशी को मत देने से इंकर नहीं करते है न किसी के बैठक में जाने से गुरेज करते है ।सभी प्रत्याशीयो के साथ वही वही मतदाता नजर आते है । मतदाताओं के मन को टटोल पाना और हार जीत का अनुमान लगा पाना बहुत मुश्किल हो गया है।प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान करने सारे हथकडे अपना रहे हैं।

# जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए विधायक ने मांगा जन समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने ग्राम नगपुरा में जन संपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में जन आशीर्वाद मांगा। ग्राम नगपुरा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अभियान 2025 के तहत नगपुरा में जन सम्पर्क कर जन आशीर्वाद मांगा और सभा को संबोधित किया । जन सम्पर्क के दौरान घर-घर पहुंचकर पंपलेट वितरण किया और भाजपा अधिकृत प्रत्याशी, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 6 बीना पवन देशमुख महतेल, जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 1 से कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन, सरपंच पद प्रत्याशी सतरूपा निषाद एवं सभी वार्ड पंच प्रत्याशियों हेतु वोट की अपील की। जन सम्पर्क के दौरान जगह-जगह प्रत्याशियों का आरती पुष्पहार से स्वागत अभिनंदन किया गया। निषाद भवन से होकर नगर के विभिन्न चौक-चौराहों से होता हुआ रावण भाठा पर समाप्त किया गया। जनसैलाब के उत्साह एवं समर्थन ने यह स्पष्ट कर दिया कि जनता विकास और सुशासन के संकल्प के साथ भाजपा अधिकृत प्रत्याशी को अपार बहुमत से विजयी बनाएगी।

■ नगपुरा में पंचायत चुनाव में जीत के लिए वोट देने की अपील की

## बिजनेस साइट

### सभी पेट रोगों के लिए कब्ज का काल स्नेह कब्जनाल चूर्ण



**भिलाई।** आप ने कब्ज की बहुत से दवा ली लेकिन बात नहीं बनी समस्त पेट रोगों के लिए आशीर्वाद स्नेह कब्जनाल चूर्ण यह केवल मल को ही साफ नहीं करता बल्कि आंतों का शोधन कर नये पुराने चिपके हुए मल को शोधन कर बाहर निकालता है। पेट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाता हैं पेट के गट लाइन को शक्ति देकर सभी रोगों से सुरक्षा प्रदान करता हैं। पेशाब से जाने वाले सफेद चिपचिपे पदार्थ को तुरंत बंद करता है। कोई भी बीमारी की दवा आप जो ले रहे है वो ठीक से काम क्यों नहीं करता क्योंकि आपके आंतों में पुराने मल की सड़न जो आंतों में चिपके हुए हैं इसके कारण कोई भी दवा शीघ्रता से काम नहीं करता इसका एक ही कारण हैं। स्नेह कब्जनाल चूर्ण सभी मेडिकल स्टोर में उपलब्ध।

### सोरियासिस रोग का इलाज आयुर्वेद रसायन से ही: डॉ. अग्रवाल



**भिलाई।** सोरियासिस रोग लाइलाज एक जटिल रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं, इस रोग को किसी साधारण गोली दवा, इलाज से दबाने की गलती भूलकर भी नहीं करें, वरना आगे चलकर रोग गंभीर हो सकता है। डॉ. एचसी अग्रवाल बताते हैं कि वात, पित, कफ तीनों की विकृति त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसआर्डर रोग है। इससे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते इसलिए यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर में रूसी का भ्रम, न, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले दाग, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ों में सूजन, दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है, इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया इत्यादि से ठीक नहीं होता दब जाता है यह केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही संभव है। सभी चमड़ी एवं रोगों के स्थायी इलाज के लिए गुरूद्वारा, स्टेशन रोड स्वरूप टाकीज के सामने, ब्राईट फर्नीचर के पीछे दुर्ग स्थित क्लीनिक में डॉ. अग्रवाल से दोपहर 3 से रात्रि 7:30 बजे तक मरीज मिल सकते हैं।






### वार्षिक उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कुम्हारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुगदा में वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आयोजन में प्राथमिक पूर्व माध्यमिक उच्च माध्यमिक विद्यालय कुगदा के कक्षा पहली से बारहवी के बच्चों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में रचे बसे आंचलिक पारम्परिक लोक गीत, देश भक्ति नाटक एवं गीत संगीत की प्रस्तुति बच्चों ने मनमोहक तरीके से दी। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप



### अबूझमाड़ मैराथन वॉल पेंटिंग स्पर्धा कल

**भिलाई।** सेल-बीएसपी ने सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों के सपनों को आकार देते हुए के अपने सीएसआर परियोजना के तहत, सकारात्मक बदलाव लाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। जिसके अंतर्गत, अबुझमाड़ क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य प्रायोजक के रूप में कार्य कर रहा है। जिला और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में, नारायणपुर जिले के अबुझमाड़ क्षेत्र में 2 मार्च को बालक हाईस्कूल ग्राउंड, नारायणपुर से अबुझमाड़ हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को उजागर करना और युवाओं को खेलों में भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में 16 फरवरी को अबुझमाड़ मैराथन 2025 के तहत एक वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। यह प्रतियोगिता हाई स्कूल ग्राउंड, नारायणपुर में सुबह 7 बजे शुरू होगी। इस प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य अबुझमाड़ की समृद्ध संस्कृति, लोककला और प्राकृतिक सौंदर्य को कलात्मक रूप में प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। इसी के साथ नारायणपुर कमे मावली मेला का भी आयोजन 19 से 23 फरवरी तक किया जा रहा है।

### स्मृति नगर में निःशुल्क स्त्री रोग स्वास्थ्य शिविर

**भिलाई।** सेल-बीएसपी अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, बाल्को मेडिकल सेंटर, नवा रायपुर के सहयोग से 17 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मंगल भवन, स्मृति नगर, भिलाई में एक दिवसीय निःशुल्क स्त्री रोग स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन करेगा। इस एक दिवसीय शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में स्त्री रोग सम्बन्धित स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। एक दिवसीय शिविर में बाल्को मेडिकल सेंटर और भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें विभाग के वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ और स्वास्थ्य सलाहकार, बीएसपी-सीएसआर के अधिकारियों के साथ उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान, विभिन्न स्त्री रोग संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने और उनकी रोकथाम के लिए विभिन्न नैदानिक प्रक्रियाएं, काउंसलिंग, जांच और परामर्श आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर एक इंटरैक्शन सत्र का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें स्थानीय समुदाय के बीच स्त्री रोग संबंधी स्वास्थ्य चर्चाएं, उनके बारे में जागरूकता बढ़ाने और उससे सम्बन्धित संदेहों को स्पष्ट किया जाएगा। बीएसपी के सीएसआर विभाग और एमएंडएचएस विभाग ने स्मृति नगर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आएं और 17 फरवरी को मंगल भवन, स्मृति नगर, भिलाई में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

# एक सुरक्षित और समावेशी वित्तीय प्रणाली सुनिश्चित करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

## साइबर सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन का बढ़ रहा महत्वः सीईओ बैनर्जी





आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के सीईओ प्रशांत माथुर ने प्रतिष्ठित फिनटेक सिक्योरिटी बूटकैम्प में 'फिनटेक का अर्थशास्त्र' विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। इस सत्र में वित्तीय परिदृश्य के विकास, वित्तीय सेवाओं में प्रौद्योगिकी की भूमिका और डिजिटल वित्त में सुरक्षा के महत्व पर चर्चा की गई।

माथुर ने डिजिटल भुगतान प्रणाली, ब्लॉकचेन नवाचारों और फिनटेक क्षेत्र में नियामक चुनौतियों जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि एक सुरक्षित और समावेशी वित्तीय प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन का बढ़ता महत्व क्यों है। फिनटेक सिक्योरिटी बूटकैम्प में उद्योग जगत के अग्रणी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया और फिनटेक सुरक्षा में नवीनतम प्रगति पर चर्चा की। विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्रों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया, चर्चाओं में शामिल हुए और उद्योग विशेषज्ञों से मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त की। श्री माथुर के विचारों ने उपस्थित लोगों को नवीनतम वित्तीय तकनीकों के आर्थिक प्रभावों की गहरी समझ प्रदान की। आईआईटी भिलाई का इनक्यूबेटर आईबीआईटीएफ फिनटेक, एग्रीटेक और हेल्थटेक में नवाचार को प्रोत्साहित करता रहा है, जिससे स्टार्टअप्स और नवीनतम तकनीकों पर शोध को बढ़ावा मिला है।

## परेशानी : भारत माला परियोजना में गड़बड़ी का मामला

# किसानों को आरबी रजिस्ट्रेशन अधिकारी के नाम पर किया जा रहा है गुमराह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

### मुआवजा देने से बचने के लिए अपनाई जा रही नई नीति

हरिभूमि पड़ताल

भारत माला परियोजना में मुआवजा की दोहरी नीति अपनाने के बाद विभागीय अफसरों ने एक और नीति पर काम करना शुरू कर दिया है। यह नीति है किसानों को आरबी रजिस्ट्रेशन अधिकारी के पास मामला दायर करवाना। एसडीएम आफिस में ऐसी सलाह किसानों को दी जा रही है। हैरत की बात यह है कि आरबी रजिस्ट्रेशन ही भू अर्जन गणना की गड़बड़ी से संबंधित प्रकरणों का निराकरण का अधिकार रखता है। हालांकि इससे किसानों का भला तो नहीं होने वाला बल्कि यह नीति इसलिए अपनाई जा रही है कि किसान हाईकोर्ट तक न पहुंच पाए।


पहले वर्ग फीट में और सरकार बदलने के बाद हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा
भारत माला प्रोजेक्ट में बड़ा खेला- अफसरों ने बदल दिए अपनों को फायदा पहुंचाने नियम
करोड़ों रुपए की गफलत की आशंका
इस तरह हुआ खेला
ये हैं गड़बड़ी के उदाहरण
सरकार बदलने के बाद ऐसा हुआ भुगतान

### ऐसे चल रहा है बड़ा खेल

भारत माला परियोजना में मुआवजे में गड़बड़ी को लेकर कई किसानों ने हाईकोर्ट का रूख किया है। हाईकोर्ट के वकील के मुताबिक हाईकोर्ट भू अर्जन त्रुटि संबंधी निराकरण करने का अधिकार क्षेत्र ही नहीं है। हाईकोर्ट मात्र मौलिक अधिकारों के हनन संबंधी दावा-आपत्ति के निराकरण का अधिकार रखता है। इसलिए जो किसान हाईकोर्ट गए हैं उनका प्रकरण ही निरस्त हो सकता है। आरबी रजिस्ट्रेशन अधिकारी जितने भी मामले उनके पास आएंगे उसे सिविल कोर्ट भेज देंगे। पांच साल तक केस चलेगा तब तक किसान भी पस्त हो जाएंगे। कई किसान मुआवजा के लिए इस दुनिया में रहेंगे या नहीं ऐसी उम्रदराज किसान हैं। इस स्थिति में किसानों के पास समझौता करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता भी नहीं बचेगा। किसानों ने बताया कि कई बार मुआवजा को लेकर राजस्व अधिकारी के दफ्तर का चक्कर लगाते रहे लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। जिसकी वजह से कई किसान हाईकोर्ट में भी याचिका लगाई है।

### ढ़ाई साल तक लटका कर रखा मुआवजा

भारत माला परियोजना के मुआवजा में वर्ष 2019 को जब गड़बड़ी शुरू हुई तो पाटन क्षेत्र के कई किसान प्रभावित हुए। पाटन क्षेत्र में पहली बार मुआवजा कम और ज्यादा भुगतान होने का सामने आया था। इससे प्रभावित किसानों का हाईकोर्ट में मामला पांच साल से चल रहा है। प्रभावित किसानों का कहना है कि जब वर्ष 2022 में अवार्ड पारित हेक्टेयर दर पर किया गया और चार गुना मूल्यांकन किया गया। 500 वर्ग मीटर का भी हेक्टेयर दर से पेमेंट बना दिया। 8 नवंबर 2024 को प्रतिकर वितरण की सूचना भू अर्जन अधिकारी कार्यालय से पटवारी कार्यालय में गया। यहां से किसानों को सूचना तामिल की गई कि एक महीने के भीतर अपनी रकम ले लेवें। यानी ढ़ाई साल तक इसे रोककर क्यों रखा गया। इससे प्रशासनिक अधिकारियों व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की मिलीभगत साफ जाहिर होता है।

### भूअर्जन मुआवजा भुगतान का नियम

भू अर्जन मुआवजा भुगतान का अधिनियम के मुताबिक जमीन का प्रचलित दर शहरी क्षेत्र में ज्यादा रहता है इसलिए यहां दो गुणांक के हिसाब से मुआवजा प्रकरण बनाए जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में यह चार गुना निर्धारित है। उसके बाद भी अधिकारियों ने अपने हिसाब से मुआवजा प्रकरण बनाने में मनमानी की। भू अर्जन अधिनयिम कहता है कि थ्री डी प्रकाशन के बाद दावा- आपत्ति लेकर भू अर्जन की राशि दे देना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। अधिकारियों ने किसानों को यह भी दलील दी कि मुआवजा किसी को ज्यादा तो किसी को कम मिला है उसकी वजह बटांकन नहीं होना भी एक वजह है। लेकिन बटांकन करना तहसीलदार व पटवारी द्वारा किया जाता है। सालों तक बटांकन इन प्रशासनिक अमले ने नहीं किया तो किसान किस हिसाब से दोषी है।

## 17 को आमसभा में बनेगी रणनीति

# बीएसपी मैनेजमेंट की नीतियों से कांट्रेक्टर में रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



### विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा

सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने सेल-भिलाई स्टील प्लांट मैनेजमेंट के समक्ष विभिन्न मुद्दों पर ध्यानाकर्षण कराया है। एसोसिएशन मूल रूप से छोटे टेंडरों को समाप्त कर बड़े टेंडर में तब्दील करने, ईएसआईसी अस्पताल के माध्यम से जांच सुविधा उपलब्ध नहीं कराने और निविदा प्रणाली में पारदर्शिता के अभाव जैसे मुद्दों पर मुखर है। ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर एसोसिएशन की आम सभा 17 फरवरी सोमवार को सुबह 11:30 बजे इंडियन कॉफी हाउस भिलाई निवास में रखी गई है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष केए अब्दुल कादर ने बताया कि सार्वजनिक उपक्रम के सभी कांट्रेक्टर ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर परेशान हैं। बीएसपी मैनेजमेंट इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। इससे सभी कांट्रेक्टर का काम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि ईडी (वर्क्स) और मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएं) विभाग से इन मुद्दों पर चर्चा के लिए एसोसिएशन ने समय मांगा है। उन्होंने वर्तमान के एक प्रमुख ज्वलंत मुद्दे का उल्लेख करते हुए बताया कि कार्यस्थल पर मजदूर की मौत होने की स्थिति में बगैर जांच के ठेकेदार को ही दोषी मान लिया जाता है और अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 3 लाख व इसके बाद 10 लाख दिलवाया जाता है। इस दौरान ठेकेदार के इस राशि के अलावा 2-3 लाख और खर्च हो जाते हैं। जबकि ऐसे मामले में निष्पक्ष जांच के उपरांत ठेकेदार को राशि देने कहना चाहिए क्योंकि मजदूर पहले से ही ईएसआई कवर्ड होता है, जिसके माध्यम से भी वैधानिक भुगतान का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि लॉटरी प्रणाली के माध्यम से टेंडरों को खोलने में पारदर्शिता का अभाव है। छोटे टेंडरों को समाप्त कर उन्हें बड़े टेंडरों में परिवर्तित किया जा रहा है। मैनेजमेंट ईएसआईसी अस्पताल के माध्यम से मेडिकल जांच की अनुमति नहीं दे रहा है, इससे मजदूरों और कांट्रेक्टर को अनावश्यक खर्च वहन करना पड़ रहा है। रोटेशन के आधार पर यांत्रिक, विद्युत एवं सिविल के रेट कांट्रेक्ट का वितरण नहीं किया जा रहा है। ओएंडएम विभाग मे पंजीयन नवीनीकरण के लिए योग्यता के दायरे को लेकर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। सीआईएसएफ में एनडीसी मिलने में देरी की जा रही है, इससे भी काम प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही समूचे भिलाई स्टील प्लांट के सभी ठेका मजदूरों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस को भी अनिवार्य कर दिया गया है, जो कि व्यवहारिक नहीं है।

सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष केए अब्दुल कादर ने बताया कि 17 फरवरी सोमवार को सुबह 11:30 बजे इंडियन कॉफी हाउस भिलाई निवास में आम सभा में इन सभी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा और आगे की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

# सांसद विजय ने संभाली पंचायत चुनाव की कमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के बाद वापस लौट आए हैं। यहां पंचायत चुनाव के प्रचार का मोर्चा फिर से संभाल लिया है। उन्होंने एक दिन में पांच जगह सभा ली। मतदाताओं को आव्हान करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव अपने गांव घर और दुवारी का चुनाव है। इसमें वोट इधर-उधर नहीं जाना चाहिए।

हमें प्रयास करना है कि विकास के प्रत्येक छोटे-बड़े काम, गांव के कोने-कोने तक पहुंचे। अभी केंद्र में भाजपा की सरकार है प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है उससे सब जगह विकास के काम तेज गति से हो रहे हैं। गांव-गांव तक विकास की यह कड़ी जुड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें इस बार अपने गांव के विकास के लिए मतदान करना है। सांसद बघेल, अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के कचांदूर, पाटन विधानसभा क्षेत्र में चुनावी संभाए ली। उन्होंने यहां भाजपा के चुनाव प्रचार में लगे कार्यकर्ताओं में नया प्राण फूंक दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 5 वर्षों में महिलाओं मजदूर किसानों के लिए कई सारी योजना बनाई जिसमें से कई योजनाएं छत्तीसगढ़ में लागू नहीं हुई। प्रधानमंत्री आवास का आवास यहां नहीं बना। तब यहां कांग्रेस की सरकार थी। उस सरकार ने यहां प्रधानमंत्री आवास बने नहीं दिया। अब हमें ऐसी गलती नहीं दोहरानी है। अब हर गांव में प्रधानमंत्री आवास बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। किशनपुर में क्षेत्रीय विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा भी उपस्थित थे।

## सरकार संग विधायक ने लगाई डुबकी...



**भिलाई।** प्रयागराज महाकुंभ में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने परिवार सहित गंगा मैया में डुबकी लगाकर प्रदेश और विधानसभा क्षेत्र की प्रगति की कामना की।

### हुसैनी सेना के लंगर में जुटी आवाम




**भिलाई।** शबे बरात की रात में मुस्लिम कब्रस्तिान रामनगर कैम्प 1 में हुसैनी सेना और एचकेडी ग्रुप की जानिब से लंगर का एहतमाम किया गया है। सभी आवाम ने इसका लुत्फ लिया। जिसमें चाय, पानी, पोहा, चना, पुलाव का लंगर सुबह तक चला। इस दौरान छावनी टीआई चेतन चंद्राकर व हुसैनी सेना की कोर कमेटी के सदस्य और दुर्ग जिला अध्यक्ष सोहेल राईन, गुफरान खान, मोहम्मद गोस,आफताब , सुहैल अहमद,अंसारी, लल्लू, यासीन, जहांगीर, नदीम, अरमान, परवेज सलमानी, रमजान खान, शकील वसीम, हैदर अली, अकरम अली, अफसर अली ,शहीद भाई, मासी आजाद, शाहिद, लुकमान, जिम्मी भाई, रईस ईमाम, अंसर , सलमान, जानी भाई, शहादत ,इश्तियाक समेत अन्य मौजूद थे।









## कांजी हाउस व संधारित सुलभ शौचालय का आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

# भिलाई निगम आयुक्त ने देखी मवेशियों के चारा-पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के कोसा नगर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित कांजी हाउस का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सुबह-सुबह पहुंच गये। वहां पर जानवरो के खाने के लिए प्रदाय किये जा रहे चारा, पानी एवं व्यवस्था का निरीक्षण किये। वर्तमान में कांजी हाउस का संचालन एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, उपअभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, संचालनकर्ता एजेंसी शोभूराम साहू को निर्देशित किये कि जानवरो के चारे, पानी का उचित प्रबंध हो। बीमार पड़ने पर शासकीय पशु चिकित्सक को बुलाकर ईलाज करवाया जाये। पशु चिकित्सक बीच-बीच में आकर ईलाज करते रहेगें।

कांजी हाउस के चारों तरफ सीमेंट के दिवाल बनाई जा रही है, जिससे जानवर भाग न पाए। इससे फायदा होगा कि अतिरिक्त जमीन पर पानी डालने पर घास बड़े होगे, इससे जानवरों को चरने की भी सुविधा मिल जायेगी। जानवरो के पीने के लिए बीच-बीच में बड़े-बड़े कोटना बना दिया जाये, जिसमे पानी भरा हो, जानवर गर्मी में पानी पी सके। वहीं पर सीएण्ड वेस्ट से चेकर टाइल्स का भी निर्माण करने का कार्य किया जायेगा। ततपश्चात जोन क्रंमांक 1 नेहरू नगर में प्रमुख रूप से भिलाई नगर रेलवे स्टेशन, आकाश गंगा सब्जी मंडी, सुपेला घड़ी चैंक, वेकेटेश्वर टाकिज के पीछे, नेहरू नगर चौक आदि का निरीक्षण किये। जिस शौचालय का संधारण का कार्य हो चुका है, उसको नागरिको के उपयोग के लिए खोल दिया जाये। बाकि को समय अवधि में पूर्ण किया जाये। आकाश गंगा सब्जी मण्डी में हजारों सब्जी विक्रेता, काम करने वाले वर्कर, ग्राहक, रिक्शा, ठेला वाले निस्तारी के लिए आते रहते है। यह ध्यान दिया जाये कि उनको किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं निर्माणकर्ता एजेंसी को आदेशित किये। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता चंदन निर्मल, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, पीआईयू शुभम पाटनी, अभिनव ठोकने आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129

04



कजाक हुस्न

लाइव इवेंट

## स्थापना दिवस समारोह में महिला सशक्तिकरण और रोजगार के अवसर जुटाने पर जोर



**दुर्ग।** कृष्ण भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट का तीसरा स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को आदमी मंदिर वार्ड-24 स्थित गहिरा गुरु धाम और यादव सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार के अवसर जुटाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर भगवान कृष्ण की आदमकद प्रतिमा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। गहिरा गुरु राजेश यादव ने बताया कि यह यादवों का पहला ट्रस्ट है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लगभग 35 लाख यादव निवास करते हैं। ओबीसी जनसंख्या में दूसरे स्थान पर हैं। ट्रस्ट की संरक्षक पद्मश्री फूलबासन यादव हैं। ट्रस्ट में महिला ही सदस्य हैं। अध्यक्ष करुणा यादव, उपाध्यक्ष सरोज यादव, सचिव निशा यादव, कोषाध्यक्ष वर्षा रितु यादव, सह सचिव त्रिवेणी यादव, महामंत्री दुर्गा यादव सहित अन्य पदाधिकारी हैं। ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य रूढ़िवादी परंपरा का त्याग कर नारी शक्ति को शिक्षित कर समाज में समानता का अधिकार दिलाना, हमारे परम्परागत यादव संस्कृति को संरक्षण व संवर्धन करना, वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। गहिरा गुरु राजेश यादव ने कहा कि राधा कृष्ण मंदिर जीर्णोद्धार के लिए शासन-प्रशासन से मांग की जा रही है। इस अवसर पर ट्रस्ट कि संरक्षक फूलबासन यादव के सामने 21 यादव महिलाओं ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी ललित अग्रवाल, बिसे यादव, प्राण यादव, किशुन लाल यादव, बीडी यादव, सन्तू यादव, तारा देवी यादव, कमला यादव, यशोमती यादव सहित अन्य मौजूद थे।

- कृष्ण मंदिर अहीर समाज ट्रस्ट का तीसरा स्थापना दिवस समारोह गहिरा गुरु धाम में आयोजित




सिटी इवेंट

## साइबर फ्रॉड की जानकारी होते ही 1930 पर करें फोन, अवेयर रहना जरूरी



**भिलाई।** क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कॉलेज के पूर्व छात्र सेल के सहयोग से सीडैक ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक सत्र रखा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शंकराचार्य तकनीकी परिसर के इलेक्ट्रिकल विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और कॉलेज के पूर्व छात्र डॉ. देवानंद भोसले थे। उन्होंने हर जगह होने वाले विभन्नि प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में चर्चा की। साइबर अपराधों से खुद को बचाने के तरीके भी सुझाए। सत्र बहुत जानकारी पूर्ण और इंटरेक्टिव रहा। कार्यकारी उपाध्यक्ष फादर डॉ. पीएस वर्गीस और प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उनका स्वागत किया। पूर्व छात्र समन्वयक लन्सिी मेंडोंज़ा ने कार्यक्रम के लिए धन्यवाद प्रस्ताव दिया। इस दौरान बताया कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत जिले में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना था। बताया गया कि देश में साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों, राजीविका महिलाओं, व्यापारी वर्ग और सरकारी कार्मिकों को डिजिटल सुरक्षा के टिप्स दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन भुगतान की सुरक्षा और डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए गए। स्टूडेंट्स ने कहा गया कि ओटीपी साझा न करें। अनजान कॉल और ईमेल से सतर्क रहें। साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करना आवश्यक है।



● 45 फीट ऊंचा शिवलिंग होगा मुख्य आकर्षण, आध्यात्मिक चित्रों की भी प्रदर्शनी

# अयोध्या के रामलला के दर्शन होंगे आनंद सरोवर बघेरा में, महाशिवरात्रि पर चैतन्य झांकी की जा रही तैयार

इस महाशिवरात्रि आनंद सरोवर बघेरा में अयोध्या के रामलला के दर्शन होंगे। अयोध्या के राममंदिर की चैतन्य झांकी यहां प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्थान द्वारा तैयार की जा रही है। ट्विनसिटी में यह संभवतः पहला अवसर है जब राममंदिर अयोध्या की तर्ज पर पंडाल तैयार किया जा रहा है। 19 से 27 फरवरी के मध्य इस पंडाल में रामलला के दर्शन होंगे। इतना ही नहीं 45 फीट ऊंचा शिवलिंग भी तैयार किया जा रहा है, जिसमें नियमित रूप से दुग्धाभिषेक के इंतजाम किए जा रहे हैं। आध्यात्मिक चित्रकारी की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसे लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**दुर्ग।** दुर्ग शहर में प्रथम बार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के विशाल प्रांगण में 9 दिनों तक शिव दर्शन आध्यात्मिक मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले के तैयारी के विषय में संस्थान की रीटा बहन ने बताया कि इस मेले में अयोध्या के राम मंदिर की चैतन्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी, झांकी को बनाने के लिए विशेष रूप से कोलकाता से अपनी सेवाएं देने के लिए लोग आए हुए हैं। इस आयोजन में संस्था के 20 से 25 सदस्य प्रतिदिन सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इस मेले में पहली बार अयोध्या के राम मंदिर की झांकी लगाई जा रही है। ताकि जो लोग अयोध्या दर्शन नहीं कर पाए हैं, उन्हें इसकी अनुभूति हो। इसके अलावा इस झांकी में 45 फीट ऊंचा शिवलिंग जो कि दिल्ली से आया हुआ है, शिवलिंग में अनोखा निरंतर दुग्धाभिषेक, ध्यान मग्न अवस्था में शंकर की चैतन्य झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी एवं बच्चों के लिए मूल्यनिष्ठ शिक्षाप्रद खेल का आयोजन भी इस मेले में होगी। इस मेले को लेकर पूरे शहर को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग दर्शन के लिए पहुंचने वाले हैं। आयोजन में शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। अपने तरह का यह पहला आयोजन होने जा रहा है।





### द्वादश ज्योर्तिलिंग के होंगे दर्शन, मूल्य आधारित गेम्स भी खिलाए जाएंगे

आयोजन स्थल में द्वादश ज्योर्तिलिंग के भी दर्शन होंगे। इसके अलावा मूल्य आधारित गेम्स भी खिलाए जाएंगे। इसमें मेडिटेशन, राजयोग इससे होने वाले फायदे के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। शिव-शंकर की चैतन्य झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। अनोखा दुग्धाभिषेक भी आयोजन स्थल पर किया जाना है। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे और शाम को 5 बजे से रात 10 बजे तक लोग इस मेले में शामिल हो सकते हैं। आनंद सरोवर में अपने तरह का यह पहला आयोजन होगा।



### शिव पूजा का महापर्व महाशिवरात्रि 26 फरवरी को, देवालय सच रहे

शिव पूजा का महापव्र्व महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाया जाएगा। इसे लेकर दुर्ग-भिलाई सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सव की तैयारी शुरू हो चुकी है। मुख्य रूप से देवबलोदा मंदिर, शिव मंदिर शिवपारा दुर्ग, कौही स्थित मंदिर, बानबरद मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में आयोजन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस साल महाशिवरात्रि पर सूर्य, बुध और शनि एक साथ कुंभ राशि में स्थित रहेंगे। इन तीनों ग्रहों की युति और महाशिवरात्रि का योग 2025 से पहले 1965 में बना था। ग्रहों के दुर्लभ योग में शिव पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं जल्दी पूरी हो सकती है। इस योग में की गई पूजा-पाठ से कुंडली से जुड़े ग्रह दोष भी शांत हो सकते हैं। इस दिन शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन-पूजन करने का विशेष महत्व है, जो लोग किसी ज्योतिर्लिंग के दर्शन नहीं कर पा रहे हैं, वे शिव के किसी अन्य पौराणिक मंदिर में पूजा-पाठ कर सकते हैं। अगर मंदिर जाना भी संभव न हो तो घर पर ही शिव पूजा की जा सकती है।

## संगीतमय नाटक के जरिए छात्रों ने पुलवामा के शहीदों को किया याद, अर्पित की श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा पुलवामा हमले की स्मृति में भावनात्मक संगीतमय नाटक की प्रस्तुति दी गई। बता दें कि 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा में हमला हुआ था, जिसमें कई जवान शहीद हुए थे। इसकी याद में एनएसएस की छात्र इकाई ने संगीतमय नाट्य की प्रस्तुति दी। एनएसएस छात्र विंग की अधिकारी डॉ. मीना मान ने बताया कि इस संगीतमय प्रस्तुति में पुलवामा में देश के प्रति दिए गए बलिदान तथा अंत तक प्राणों की आहुति दिए जाने संबंधी ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा की गईई यह संगीतमय प्रस्तुति हमें अपने सैनिकों के प्रति सम्मान और कर्तव्य बोध का एहसास कराती है। इस प्रकार के आयोजन से युवाओं में देश प्रेम की भावना जागृत करने के साथ समाज को जागरूक करने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर शहीदों को विनम्र रध्दांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर डॉ. मर्सी जॉर्ज, डॉ. तरलोचन कौर, डॉ. निगार अहमद, डॉ. रचिता श्रीवास्तव सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दल नायिका रागिनी साहू, खुशबू, चंचल, भावना, दामिनी माही, यामिनी, डुरीना, संघप्रिया, केजल सहित अन्य की भूमिका सराहनी रही।





## डीयू के बीसीए एग्जाम में दीक्षा रही प्रथम, 86.23%अंक अर्जित किए

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने बीसीए परीक्षा 2023-24 की प्रावीण्य सूची जारी कर दी है। इस बार फाइनल में दीक्षा देवांगन ने प्रथम स्थान अर्जित किया है। उन्हें 3000 में 2587 नंबर मिले हैं, इस प्रकार उन्होंने 86.23 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। वे शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता राजकुमार देवांगन की बेटी हैं। दीक्षा देवांगन भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों और महाविद्यालय में खुशी की लहर है। दीक्षा की माता सारिका देवांगन शिक्षिका हैं। दीक्षा के अलावा दूसरे नंबर पूजा राय रहीं, जिन्हें 2528 अंक मिले। उनके अलावा ऋचा मिश्रा ने 2528, लज्जा गरहे 2524, वैष्णवी बरस्कर 2515, खिलेंद्र देवांगन 2511, मानसी देशमुख 2511, निखत जहन 2502, सौम्या वासनिक 2497, के नेहा 2496, गीता साहू 2481, कोमल गुप्ता 2481, संस्कृति 2477 अंक अर्जित किए। यूनिवर्सिटी ने टॉप-10 की सूची जारी कर दी है। साथ परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। परिणाम कॉलेज और यूनिवर्सिटी कैम्पस में भी देखे जा सकते हैं।

- शुक्रवार को यूनिवर्सिटी ने जारी किए परिणाम, सूची वेबसाइट पर अपलोड



नेहरू आर्ट गैलरी में खैलागढ़ कला विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने लगाई प्रदर्शनी

## संपूर्ण मानवता को संदेश देने वाली पेंटिंग ने बटोरी प्रशंसा, प्रदर्शनी का आज अंतिम दिन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सेल-बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पूर्व छात्रों द्वारा निर्मित पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक डीएल मोइत्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में अनन्त साहू, हुकुम लाल वर्मा और जितेन साहू द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी 15 जनवरी तक आयोजित है। उद्घाटन समारोह में अमूल्य प्रियदर्शी, प्रशांत तिवारी, आर्ट क्लब के सदस्य डॉ. ध्रुव तिवारी, डीएस विद्यार्थी, बृजेश तिवारी, महेश चतुर्वेदी, हरि सेन, ईश्वर पटेल, एसके नंदी, राजेन्द्र सोनगुरिया, अंकुश देवांगन, जया त्रिपाठी, वीरेन्द्र पटनायक सहित अन्य मौजूद थे।



### जीएम ने कलाकारों से की बात पेंटिंग का किया अवलोकन

मुख्य महाप्रबंधक डीएल मोइत्रा ने कलाकारों से बात करते हुए उनके सुंदर और प्रेरणादायक कला कार्यों के लिए उन्हें बधाई दी। मोइत्रा ने प्रदर्शित चित्रों में गहरी रुचि दिखाई और कलाकारों से इन शानदार पेंटिंग्स के बारे में बातचीत की। इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मोइत्रा ने अवलोकन पुस्तिका में लिखा सभी चित्रकला कृतियां स्पष्ट रूप से सम्पूर्ण मानवता के लिए संदेश पहुंचाती हैं, जिन्हें समझकर हमें अपने व्यवहार में बदलाव लाने की आवश्यकता है।

### कलाकारों ने अलग-अलग मंचों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

इस प्रदर्शनी में जिन कलाकारों की पेंटिंग रखी गई है, उन्होंने अलग-अलग मंचों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। राजनांदगांव निवासी हुकुम लाल वर्मा एक प्रसिद्ध चित्रकार हैं। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से एमएफए की डिग्री प्राप्त की है। जितेन साहू ने खैरागढ़ से बीएफए और एमएफए की डिग्री प्राप्त की। उनकी छवि एक प्रतिभाशाली कलाकार की है। उन्होंने अपनी कला प्रदर्शित की है। उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। एक अन्य कलाकार अनन्त कुमार साहू का जन्म पटेवा में हुआ। उन्होंने खैरागढ़ से बीएफए और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। अनंत ने अपनी कृतियों में जीवन की वास्तविकता और प्रकृति के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया है।

### प्रदर्शनी में पहुंच रहे साहित्यकार और कलाकार, कर रहे अध्ययन

इस प्रदर्शनी में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके कलाकारों की प्रतिभा और कला की विविधता का बेहतरीन प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें शामिल सभी कलाकार छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश-विदेश में काफी लंबे समय से कला गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। सभी कलाकार वर्तमान में कुछ वर्षों से लगातार छत्तीसगढ़ में रहकर कला सृजन कर रहे हैं। यह प्रदर्शनी 13 से 15 फरवरी 2025 तक आयोजित की गई और प्रतिदिन संध्या 5:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक आम जनता के लिए खुली रही।

सिटी इवेंट

## वैज्ञानिक चेतना के प्रसार के लिए शुरू किया अभियान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की ओर से विज्ञान दिवस पखवाड़ा का आयोजन शुक्रवार को शुरू हुआ। 28 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक चेतना से जुड़े विविध आयोजन होंगे। इस दौरान रोजाना राज्य स्तरीय ऑनलाइन व्याख्यान रखे गए हैं। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के सचिव डॉ वाय के सोना ने बताया कि इसकी शुरुआत में विज्ञान दिवस पखवाड़े की रूपरेखा और जिला इकाइयों द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम पर गूगल मीट के साथ हुई। जिसमें संयुक्त सचिव और असिस्टेंट प्रोफेसर केएन कालेज कोरबा निधि सिंह मुख्य वक्ता थीं। इसी कड़ी में 15 फरवरी शनिवार शाम 7.00 से 8.30 बजे तक जैव विविधता का धनी छत्तीसगढ़ राज्य विषय पर प्रो. एमएल नायक, प्रसिद्ध टैक्सनॉमिस्ट, पूर्व महानिदेशक सीकॉस्ट, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा, रायपुर मुख्य वक्ता होंगे। इसके बाद 16 फरवरी रविवार शाम 7 से 8.30 बजे विज्ञान और आत्मनिर्भरता विषय पर प्रो. दिनेश अब्रोल, दिल्ली साइंस फोरम, पूर्व प्रोफेसर जेएनयू दिल्ली का व्याख्यान होगा। वहीं 17 फरवरी सोमवार शाम 7 से 8.30 बजे जनविज्ञान आंदोलन का जन्म, विकास और उसके समक्ष खड़ी चुनौतियां विषय पर प्रो. अरुणाभ मिश्रा, आल इंडिया पीपुल्स साइंस नेटवर्क, कोलकाता मुख्य वक्ता होंगे। इसके उपरांत भी 28 फरवरी तक गूगल मीट जारी रहेगी। डॉ. सोना ने बताया कि हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों के बच्चों में वैज्ञानिक चेतना जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इसमें कथित चमत्कारों के विरुद्ध वैज्ञानिक सोच को विकसित करने कार्यक्रम होगा। विज्ञान आओ करके देखें के अंतर्गत स्थानीय संसाधनों द्वारा छोटे छोटे प्रयोगों के माध्यम से विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझाया जाएगा। कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत पुरानी टूटी फूटी चीजों से कुछ उपयोगी वस्तुओं का निर्माण भी करवाया जाएगा।

- छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की ओर से विज्ञान दिवस पखवाड़ा 28 फरवरी तक

● जैन समाज के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों की अनोखी पहल, महिलाएं भी हुईं शामिल

# गौशाला में गौमाता की पूजा-अर्चना कर सुरक्षा का लिया संकल्प, सेवाकार्य किया, अहिंसा परमो धर्म का संदेश

**भिलाई।** जैन मिलन जैन ट्रस्ट, पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 6, मानव सेवा परिषद सेक्टर 9, दिगंबर जैन मंदिर दुर्ग, नेहरू नगर और वैशाली नगर ने कृष्ण गौशाला मोहलाई में सेवाकार्य किया। समाजसेवी पन्नालाल बाकलीवाल की 42वीं पुण्यतिथि पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जैन समाज के लोग गौशाला पहुंचे। जहां भगवान कृष्ण और गौ माता की पूजा की। गौ माता की पूजन करते हुए प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पण किया। गौ माता को फल, चारा, हरी सब्जियां, हरी घास, गुड़-चना, मुर्रा और रोटी खिलाई। गौ माता की पूजन करते हुए सात बार वंदना की। इस अवसर पर पन्नालाल बाकलीवाल को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक भोज भी कराया गया। साथ ही गौहत्या रोकने और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने हर संभव मदद करने का संकल्प लिया गया। साथ ही गौमाता का जयकारा लगाया गया। भगवान कृष्ण, महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म का भी जयकारा लगाया गया।



### इस नई पहल की प्रशंसा, अब से नियमित सेवाकार्य का निर्णय



आयोजित कार्यक्रम की सभी ने सराहना की। महावीर प्रकाश, अशोक बाकलीवाल एवं संदीप जैन ने कहा कि यह एक अच्छी और नई पहल है। अब से नियमित रूप से सेवाकार्य किया जाएगा। सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया। गौशाला सदस्यों में शेर सिंह मोहन सहित अन्य उपस्थित थे। बाकलीवाल के नेतृत्व में गौ सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनेक सम्मानितजनों का कृष्ण गौशाला के अध्यक्ष कांतिलाल जैन ने अभिनंदन किया। कृष्ण गौशाला में गौ माता को सब्जी ग्रहण करते हुए गौ माता को नमन किया। सभी ने गौशाला में सेवाकार्य किया। साथ ही नियमित रूप से सेवाकार्य किए जाने का संकल्प दोहराया।

### सामाजिक प्रतिनिधियों का जैन दुपट्टा पहनाकर किया गया स्वागत

इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। आयोजन के दौरान सभी ने पशुधन के समक्ष समय बिताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थीं। सभी ने सेवाकार्य भी किया। साथ ही कृष्णा गौशाला में तैयार होने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर कल्पना जैन, प्रदीप, साधना, अरुण, सुनीता बाकलीवाल, गौशाला के अध्यक्ष कांतिलाल जैन, उपाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, प्रदीप जैन, महावीर प्रकाश निगोदिया,, बृजमोहन खंडेलवाल, ज्ञानचंद बाकलीवाल, प्रवीण छाबड़ा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



### महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म के मार्ग पर चलने संकल्प

इस अवसर पर महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म का जयकारा लगाया गया। साथ ही गौमाता हमारे लिए क्यों माता है, इसकी उपयोगिता क्या है। शास्त्रों में वर्णित संदेशों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर गौ रक्षा वाहिनी के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। सभी को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से डॉ. आरके जैन, सुरेश देवांगन, बीएन ओझा, इंदर चंद, अशोक बाकलीवाल, ज्ञानचंद जैन, गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन, रसमड़ा के बसंत जैन, राजेश भाऊ, राजकुमार जैन, संभव जैन, अनुपम जैन, राजेश जैन, मनीष दीपक बाकलीवाल आदि उपस्थित थे।

सम्मान...

## खेल प्रतिभाओं को मिला सम्मान, राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्पर्धाओं में किया बेहतर प्रदर्शन




**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह शैक्षणिक सत्र 2023-24 के विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के प्रवीण्य सूची में स्थान बनाने वाले एवं कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और नगद राशि के साथ पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय और विश्वविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद दुर्ग यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार भूपेन्द्र कुलदीप ने कहा कि विद्यार्थियों को सफलता का जश्न तो मनाना चाहिए। साथ ही उन्हें यह सदैव याद रखना चाहिए कि सफलता के बाद भी उनके पैर जमीन पर ही रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेंट थॉमस मिशन के मैनेजर बिशप एलेक्सियश मार इशुबियश ने कहा कि विद्यार्थी निरंतर कठिन परिश्रम से सफलता प्राप्त तो कर लेते हैं परंतु उस सफलता को बरकरार रखना ज्यादा चुनौती होती है। वहीं कॉलेज के प्रशासक डॉ. पी. एस. वर्गीस ने कहा कि जो मूल्यों के साथ सफलता प्राप्त करते हैं, वो समाज व देश के लिए ज्यादा हितकारी होते हैं और यही नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य भी है। इस कार्यक्रम में कॉलेज में अपनी 25 वर्ष की सेवा पूरा करने वाले सहायक प्राध्यापक डॉ. शूजा वर्गीस और डॉ. सपना शर्मा का शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

सेंट थॉमस कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

### पालकों की उपस्थिति में आयोजित हुआ कार्यक्रम

इस अवसर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने स्वागत भाषण दिया। वहीं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. चंद्रा वर्मा ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति बख्शी ने किया। वहीं सेंट थॉमस मिशन के सेक्रेटरी रेवरेंट फादर थॉमस रम्बाचन विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. जेम्स मैथ्यू, डीन डॉ. देबजानी मुखर्जी सहित कॉलेज प्राध्यापकगण, पालकगण और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बाबा की बारात की तैयारी जोर-शोर से

## बाबा की बारात में आएंगे विस अध्यक्ष डॉ. रमन और डिप्टी सीएम अरुण



**भिलाई।** बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा आयोजित बाबा की बारात के 17वें वर्ष के आयोजन में आने वाले 26 फरवरी को सेंट्रल इंडिया की सबसे बड़ी भोले बाबा की बारात निकलेगी। इसकी तैयारी जोरों-शोरों से चल रही है। जिसके लिए शहर सहित पूरे प्रदेशभर में जबरदस्त माहौल बन रहा है।

आयोजक बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह खूब पसीना बहा रहे हैं। दया सिंह लगातार प्रदेश के गणमान्य नागरिकों, राजनेताओं को आमंत्रण कार्ड इस बारात में शामिल होने के लिए न्यौता दे रहे हैं। दया सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह इस बार भी बाबा की बारात में आ रहे हैं। वहीं प्रदेश के डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव भी इसमें शामिल होने वाले हैं। दोनों ने आयोजन के संबंध में हामी भरी और कहा कि इस बार भी आएंगे। पिछले वर्षों में हुए आयोजनों में सभी गणमान्य राजनेता आयोजन में पहुंच चुके हैं।

सेंट्रल की सबसे बड़ी बारात होती है भिलाई में: दया सिंह



एजुकेशन इवेंट

## औषधि के लक्ष्य व क्रियाविधि को समझने फार्माकोलॉजी पर चर्चा



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय नेटवर्क फार्माकोलॉजी था। इस अवसर पर श्री शंकराचार्य फार्मास्युटिकल साइंस एंड रिसर्च के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राजेश चौधरी ने व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किसी औषधि के लक्ष्य और क्रियाविधि को स्पष्ट करने के लिए नेटवर्क फार्माकोलॉजी के दृष्टिकोण को रिसर्च, स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान का एक विशेष क्षेत्र है। उन्होंने शोध पत्र लिखने के तरीके के साथ ही इसके महत्व को विस्तार से बताया। सेमिनार के आरंभ में अकादमिक डीन डॉ. विजेन्द्र सूर्यवंशी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। फार्मेसी विभाग की सह-प्राध्यापिका डॉ. प्रगति बघेल ने अतिथि व्याख्यान का संयोजन किया। कार्यक्रम का समन्वय सहायक प्राध्यापिका नेहा शर्मा द्वारा किया गया तथा सहायक प्राध्यापक आयुष शर्मा, केदारनाथ यादव, प्रियांशु कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने प्रश्न भी पूछें, विशेषज्ञ नें प्रश्नो के उत्तर देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया। यह अतिथि व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए सीखने व समझने का बेहतर प्लेटफार्म साबित हुआ। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

- भारती विश्वविद्यालय के फॉर्मेसी संकाय में अतिथि व्याख्यान आयोजित

लाइव इवेंट

## फेंके हुए कचरे के खाली स्थान को साफ रखने लगाए पौधे



**भिलाई।** पर्यावरण मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक विशेष पहल कर भिलाई को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालू राम वर्मा द्वारा भिलाई नगर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के मुहिम में प्रति सप्ताह कुछ न कुछ प्रकृति संरक्षण का सेवा कार्य करने में लगे हुए है। जिसमें जहां भी खाली मैदान या फिर कटीली झाड़ियां हो, जहां पर आम नागरिक उचित स्थान पर कचरा न डालकर उस खाली स्थान पर कचरा डाल रहे हो, ऐसी स्थानों को चिन्हित कर वहां के पास पड़ोस के नागरिकों को शामिल कर उस खाली स्थान को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में सेक्टर 1 के सड़क नंबर 15 और 14 के मध्य खाली मैदान को हितचिंतक सोसायटी के भूतपूर्व अध्यक्ष नागेंद्र सिंह बंछोर द्वारा साफ सुथरा कर उस स्थान पर छायादार एवं फलदार नीम, आंवला, बेल, पीपल के पौधों का रोपण किया गया एवं पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया गया। पर्यावरण को सहेजने के इस कार्य में उनकी धर्म पत्नी चमेली एवं पुत्र सुशांत एवं पड़ोसी प्रकाश राव का सहयोग प्राप्त हुआ।

बीएसपी, एससीएसटी एम्पलाइज एसोसिएशन का आयोजन

## स्वांग करने से नहीं सच्चे प्रेम से परमात्मा को पाना संभव, संत रविदास के दोहों को समझाकर मनाई जयंती

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी, एससीएसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती वार्ड 52 संत रविदास के गुरुद्वारा शिवाजी नगर खुर्सीपर में मनाई गई। इस दौरान एसोसियेशन के सदस्यों ने संत रविदास के आदर्श वाक्यों को बताते हुए सभी को अनुसरण करने की बाते कही। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व महाप्रवंधक प्रभारी जयंती प्रसाद ने गुरु रविदास के दोहे का उल्लेख करते हुए कहा कि ऊंचे कुल के कारणै, ब्राह्मन कोय न होय। जउ जानहि ब्रह्म आत्मा, रैदास कहि ब्राह्मन सोय। यानी मात्र ऊंचे कुल में जन्म लेने के कारण ही कोई ब्राह्मण नहीं कहला सकता। जो ब्रहात्मा को जानता है, रैदास कहते हैं कि वही ब्राह्मण कहलाने का अधिकारी है।




### कर्म करना हमारा धर्म है: कोमल

उसी तरह माथे तिलक हाथ जपमाला, जग ठगने कूं स्वांग बनाया। मारग छाड़ि कुमारग उहकै, सांची प्रीत बिनु राम न पाया। मतलब कि ईश्वर को पाने के लिए माथे पर तिलक लगाना और माला जपना केवल संसार को ठगने का स्वांग है। प्रेम का मार्ग छोड़कर स्वांग करने से ईश्वर की प्राप्ति नहीं होगी। सच्चे प्रेम के बिना परमात्मा को पाना असंभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसोसियेशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने कहा कि हमें हमेशा कर्म में लगे रहना चाहिए और कभी भी कर्म के बदले मिलने वाले फल की आशा नही छोड़नी चाहिए। क्योंकि कर्म करना हमारा धर्म है तो फल पाना हमारा अधिकार है। हमें गुरु रविदास के बताये मार्ग का अनुशरण करने की जरूरत है, जिसमे सभी को समान अवसर प्राप्त हो और देश की तरक्की में अपना योगदान दे सके।



### ये हुए शामिल

इस अवसर एसोशियेशन के कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल, उपाध्यक्ष कुमार भारद्वाज, वेदप्रकाश सूर्यवंशी ने भी अपने विचार रखे। इस जयंती समारोह में जोनल सचिव मंडावी, जीतेन्द्र भारती, गुरु रविदास समाज के अध्यक्ष बहादुर जैसवारा, सरोजन प्रसाद, अरविन्द कुमार, बाबू लाल, रामानंदराम, राजेश कुमार सुमन, रामाकांत प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, शैलेश डोंगरे साहित अन्य एसोशियेशन के सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



## सिटी स्पोर्ट्स

### प्लेट ग्रुप क्रिकेट में जशपुर और कोरिया आगे, रायपुर ब्लू की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। श्रृंखला में 13-15 फरवरी के 3 मैच चल रहे हैं।

ग्रुप ए का दुसरा तीन दिवसीय मैच जशपुर और रायगढ़ के मध्य कल्याण कॉलेज मैदान, भिलाई में खेला गया। जशपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जशपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 76.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 211 रन बनाये। जशपुर की ओर से प्रभात आनंद ने 124 रनों का योगदान दिया। वहीं रायगढ़ की ओर से सचिन चौहान ने 4 विकेट, सक्षम चौबे तथा अमित कुंवर ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायगढ़ ने अपनी पहली पारी में 90.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 309 रन बनाये। रायगढ़ की ओर से विकास द्विवेदी ने 104 रन तथा आदर्श प्रकाश वर्मा ने 67 रनों का योगदान दिया। वहीं जशपुर की ओर से अवधेश कुमार जायसवाल ने 5 विकेट, प्रभात आनंद तथा सुनील बेहरा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक जशपुर ने अपनी दूसरी पारी में 10 ओवरों में 1 विकेट खोकर 34 रन बना लिये है। दूसरे दिन की समाप्ति तक जशपुर 64 रनों से पीछे है।

ग्रुप सी का तीसरा तीन दिवसीय मैच रायपुर ब्लू एवं कवर्धा के मध्य सिविक सेंटर मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। कवर्धा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 26.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाये। कवर्धा की ओर से पुष्पेन्द्र ने सर्वाधिक 23 रन तथा राहुल कुमार सिंह ने 17 रन बनाये। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से पवनदीप सिंह एवं गौरव चतुर्वेदी ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी 91.2 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 432 रन बनाकर घोषित कर दी। रायपुर ब्लू की ओर से ऋषि शर्मा ने 117 रन, अवनीश सिंह धालीवाल ने 110 रन तथा कीवनूर सिंह छाबड़ा ने 110 रनों का योगदान दिया। कवर्धा की ओर से सूर्यकांत तिवारी, शुभम खत्री, विकास यादव तथा देव कुमार साहू ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। कवर्धा की दूसरी पारी 26.3 ओवरों में 67 रनों पर समाप्त हो गयी। कवर्धा की ओर से दिनेश दास मानिकपुरी ने सर्वाधिक 31 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से ऋषि शर्मा तथा भरत गोंडवानी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने मैच एक पारी तथा 295 रनों से जीत लिया। कोरिया बनाम नारायणपुर ग्रुप सी का चौथा तीन दिवसीय मैच कोरिया एवं नारायणपुर के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। कोरिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

कोरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 75.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 313 रन बनाये। कोरिया की ओर से सुमित सिंह ने सर्वाधिक 74 रन तथा आकाश शर्मा ने 54 रन बनाये। वहीं नारायणपुर की ओर से अल्तमश, शाश्वत, राहुल तथा गौरी शंकर ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। नारायणपुर ने अपनी पहली पारी में 65 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 269 रन बनाये। नारायणपुर की ओर से यश कुमार वर्दा ने 87 रन तथा अल्तमश ने 69 रन बनाये। वहीं कोरिया की ओर से घनश्याम केवट ने 5 विकेट तथा अजय मिश्रा ने 2 विकेट प्राप्त किये। कोरिया ने अपनी दूसरी पारी में 40.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 267 रन बनाए। कोरिया की ओर से अभिषेक वढेरा ने 69 रन तथा वैभव बघेल ने 55 रनों का योगदान दिया। नारायणपुर की ओर से गौरी शंकर पटेल ने 4 विकेट तथा राहुल जैन ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक कोरिया 311 रनों से आगे है।

### सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** औरंगाबाद महाराष्ट्र में चल रहे स्कूल नेशनल टूर्नामेंट में भाग ले रही सॉफ्टबॉल अंडर-14 छत्तीसगढ़ की बालक वर्ग की टीम ने शुक्रवार को अपने पहले लीग मैच में गुजरात को 10-00 के बड़े अंतर से हराया। तीन पारी की इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए बेमेतरा के कोमल पाटिल के शानदार होम रन के साथ 03 बनाए बाद में जम्मू टीम को बिना सिर्फ 00 रन मे आउट कर दिया। बाद मे छत्तीसगढ़ की टीम ने दूसरी पारी में 07 रन बनाकर मैच खत्म कर दिया बालक वर्ग के दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ की टीम नें तमिलनाडु टीम को भी 12-01 रन से हराया। इस मैच में भी कोमल पाटिल, राजू निषाद और ग्रेन इक्का ने शानदार हिट लगाया। छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने लीग मैच जम्मू कश्मीर को 10-00 से हराकर अपनी अच्छी शुरुआत की है। लीग के दूसरे मैच मे तेलंगाना को 10-00 से और आखिरी लीग मैच में चंडीगढ़ को 04-0 0 को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

---

बेहतर सेहत के लिए किडनी-लिवर का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी

# किडनी-लिवर की 40 फीसदी बीमारियों के लिए हैं दो प्रमुख कारण, ज्यादातर भारतीय इसके शिकार

किडनी और लिवर हमारे शरीर के दो सबसे प्रमुख अंग हैं। किडनी जहां रक्त को फिल्टर करके उससे अपशिष्टों को बाहर निकालने, शरीर में रसायनों-द्रव के संतुलन को ठीक रखने में मदद करती है, वहीं लिवर रक्त में अधिकांश रासायनिक स्तरों को नियंत्रित करता है और पित्त नामक उत्पाद का उत्सर्जन करता है। भोजन के पाचन को ठीक रखने में भी लिवर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शरीर को स्वस्थ रखने और विषाक्तता को दूर करने के लिए इन दोनों अंगों का ठीक रहना जरूरी है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पिछले कुछ वर्षों में जिन अंगों से संबंधित बीमारियों को सबसे ज्यादा बढ़ते देखा गया है, किडनी-लिवर उनमें से एक हैं। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के अलावा बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता और धूम्रपान-शराब की आदत को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### धूम्रपान-शराब का सेवन सबसे खतरनाक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी और लिवर दोनों की बढ़ती समस्याओं के लिए धूम्रपान-शराब पीने की आदत को जोखिम कारक पाया गया है, ये इन दोनों अंगों की 40 फीसदी से अधिक बीमारियों के लिए जिम्मेदार हैं। भारतीय आबादी में बड़ी संख्या में लोग इस गड़बड़ आदत के शिकार हैं।



किडनी और लिवर की दिक्कतें न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, साथ ही इसके जानलेवा दुष्प्रभावों का भी खतरा रहता है, इसलिए जरूरी है कि इस आदत से समय रहते दूरी बना लिया जाए।

### धूम्रपान से होने वाले नुकसान

धूम्रपान, किडनी-लिवर दोनों अंगों को कई तरह से गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। इतना ही नहीं इससे किडनी के कैंसर का जोखिम भी बढ़ सकता है। धूम्रपान आपके हृदय और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाती है, जिससे किडनी में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है और किडनी की दिक्कतें भी बढ़ सकती हैं।

इसी तरह से धूम्रपान करने वाले लोगों के लिवर में वसा के निर्माण और लिवर में सूजन का भी खतरा अधिक देखा जाता रहा है। इस तरह के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए धूम्रपान छोड़ना एक प्रभावी तरीका हो सकता है।

### शराब से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

धूम्रपान की ही तरह से शराब के कारण भी लिवर-किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों के विकसित होने का जोखिम रहता है। अल्कोहल का अधिक सेवन करने वाले लोगों में समय के साथ लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के विकसित होने का खतरा हो सकता है। लिवर की ही तरह शराब के कारण किडनी पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। अत्यधिक शराब के सेवन से किडनी में तरल पदार्थ, इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बाधित हो सकता है। शराब पीने वाले लोग किडनी से संबंधित कई गंभीर समस्याओं के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं।

### कैसे रखें इन अंगों का ख्याल

विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में कुछ प्रकार के बदलाव आपकी किडनी-लिवर को स्वस्थ रखने में सहायक हो सकते हैं। इसके लिए वजन को कंट्रोल रखना, संतुलित आहार का सेवन करना, नियमित रूप से व्यायाम करना जरूरी हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमें बिना डॉक्टर की सलाह के ओवर-द-काउंटर दवाओं के सेवन से भी बचना चाहिए। शराब-धूम्रपान से दूरी बनाए रखना संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में मददगार हो सकता है।



# नेशनल मास्टर्स टेबल टेनिस के लिए छत्तीसगढ़ की टीम तैयार



**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संघ द्वारा इंदौर में 31वीं नेशनल मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता 17 से 23 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता हेतु मुख्य अतिथि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय रायपुर के अंचल प्रमुख (छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा) बी.आर. रामा कृष्णा और अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने मास्टर्स टेबल टेनिस टीम की घोषणा की। इस दौरान टीम को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा प्रायोजित टी शर्ट का वितरण किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ मास्टर्स टीम 15 फरवरी को रवाना होगी।

■ **इंदौर में होगा मुकाबला, आज रवाना होगी टीम**

टीम में पुरुष (आयु वर्ग 40) रजनीश ओबेरॉय- कप्तान (दुर्ग), चिरंजीत राय (रायपुर महानगर), संदीप चटर्जी (रायपुर महानगर), नामित कोठारी (रायपुर), दीपक वर्मा (रायपुर) महिला (आयु वर्ग 40) सुश्री दिव्या आमदे- कप्तान (रायपुर महानगर), सुश्री प्रमिला देवांगन (रायपुर महानगर), डॉ. स्वाति बांठिया (रायपुर) पुरुष (आयु वर्ग 50) संजय लहेजा- कप्तान (बिलासपुर), डॉ. अविनाश इंगले (रायपुर महानगर), मार्कण्ड गोखले (रायपुर महानगर), राजीव काले (रायपुर), प्रमोद के. मौर्या (खैरागढ़), विनय केजरीवाल (रायपुर महानगर) महिला (आयु वर्ग 50) प्रमिला ठाकुर (रायपुर महानगर) पुरुष (आयु वर्ग 60)- (ए) सुशांत बोरवनकर- कप्तान (रायपुर), पवन शादीजा (रायपुर), शेन स्टीफन (रायपुर), लोकेन्द्र सिंह साहू (दुर्ग), रविन्द्र बारगथ (दुर्ग) पुरुष (आयु वर्ग 60)- (बी) अरुण बावरिया- कप्तान (रायपुर), विमल नायर (रायपुर), योगेश प्रधान (रायपुर), एस.ए. अली (रायपुर), मोहम्मद शफीक (रायपुर) महिला (आयु वर्ग 60) रेणुका सुब्बा (रायपुर), अर्चना जोशी (रायपुर), गीता पंडित (रायपुर) पुरुष (आयु वर्ग 65)- (ए) के. रविशंकर - कप्तान (बिलासपुर), पी.एन. मजूमदार (कोरिया), अजीत बनर्जी (रायपुर), एस.व्ही. पेंढारकर (रायपुर महानगर), आर.एन. केलकर (दुर्ग) पुरुष (आयु वर्ग 65)- (बी) तरुण राठोड (रायपुर), प्रदीप जोशी- कप्तान (रायपुर), जितेश एम. राठोड (रायपुर महानगर) महिला (आयु वर्ग 65) ईरा पंत (रायपुर), गौरी डे (बिलासपुर) पुरुष (आयु वर्ग 70) सुहास व्ही. पेंढारकर- कप्तान (दुर्ग), तपन कुमार डे (बिलासपुर), प्रदीप जनवदे (रायपुर), मलय चक्रबर्ती (बिलासपुर), सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर) महिला (आयु वर्ग 70) सुश्री शरबरी मोइत्रा (बिलासपुर) पुरुष (आयु वर्ग 75) डा. भरत अग्रवाल- कप्तान (खैरागढ़), प्रदीप सूद (दुर्ग), मूलचंद जैन (दुर्ग) और पुरुष (आयु वर्ग 80) एच.के. ओबेरॉय (दुर्ग) शामिल हैं। टीम के कोच प्रदीप जोशी (रायपुर) एवं मैनेजर विमल नायर (रायपुर) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए प्रवीण निरापुरे (रायपुर), आकाश श्रीवास्तव (बिलासपुर), हर्ष राजपूत (रायपुर) और पुलकित यदु (गरियाबंद) को चुना गया है।

### किस विधि से माथे पर लगाना चाहिए चंदन?

सनातन धर्म में माथे पर तिलक लगाने की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। इसके लगाने का विशेष महत्व है। हिंदू धर्म में माथे पर तिलक लगाना सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। किसी भी शुभ काम का आयोजन होने से पहले माथे पर तिलक लगाया जाता है। तिलक लगाने का आशय है कि किसी भी शुभ कार्य में लगाया जाने वाला शुभ चिह्न। तिलक दोनों भौहों के बीच लगाया जाता है। ज्योतिष शास्त्र में अनामिका अंगुली या छोटी अंगुली के



पास वाली अंगुली से माथे पर लाल चंदन लगाने से कुंडली में स्थित सूर्य (सूर्य मंत्र) की स्थिति मजबूत हो सकती है और व्यक्ति को कभी अशुभ प्रभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। अनामिका अंगुली से लाल चंदन लगाने पर व्यक्ति को मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है और शुभ योग भी बनते हैं। अगर आप पीले चंदन को अपने माथे पर लगा रहे हैं, तो सीधे डिब्बे से निकालकर न लगाएं। उसे पहले अपनी हथेली पर रखें और उसे घिसकर फिर अपने माथे पर लगाएं।



## पढ़ाई से जी चुराने वाले बच्चे भी खुद से बैठने लगेंगे पढ़ने

बच्चे ज्यादातर पढ़ाई करने में आनाकानी करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि पेरेंट्स उनके भविष्य के लिए पहले से ही तैयार रहें। इसके लिए हमने आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व प्रमुख सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से बातचीत की है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई से जी चुराने वाले बच्चों के लिए पेरेंट्स को कुछ महत्वपूर्ण बातें ध्यान रखने की जरूरत है। एक्स्पर्ट ने इसके लिए कई टिप्स भी बताए हैं, जिसे फॉलो करने के बाद आपके बच्चे खुद व खुद पढ़ने के लिए बैठने लगेंगे। तो चलिए जानते हैं उन कमाल की पेरेंटिंग टिप्स के बारे में।

### बच्चों के साथ बनाए रखें कम्युनिकेशन

बच्चों को समझाने और उन्हें कामयाब बनाने के लिए बेहद जरूरी है कि आप अपने बच्चों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। ताकि, वह आपके साथ कंफर्टेबल महसूस करे। साथ ही, आपसे अपनी समस्याओं को साझा कर सकें। इससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा और पढ़ाई में भी उत्साह मिलेगा।

### बच्चों के प्रश्नों का उत्तर दें



माता-पिता होने के नाते बेहद जरूरी है कि आप अपने बच्चों की पढ़ाई को विशेष महत्व दें। उन्हें हर कदम पर सहारा दें। बच्चे जब भी कोई सवाल करें, तो उनके प्रश्नों का उत्तर अवश्य दें। साथ ही, अगर उन्हें किसी टॉपिक में दिक्कत आ रही है, तो उनकी समस्याओं का हल भी जरूर निकालें। इससे बच्चे को भी महसूस होगा कि उनकी मेहनत को सम्मान दिया जाता है। इस तरह वे अपने अध्ययन में विश्वास रखेंगे और खुद से पढ़ने बैठ जाएंगे।

### प्रोत्साहन में न करें कमी

बच्चे को आगे बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी है कि आप उन्हें समय-समय पर प्रोत्साहित करते रहें। साथ ही, उन्हें स्वतंत्र महसूस करवाएं। उन्हें हर टाइम सिर्फ पढ़ाई करने के लिए न बोलें। समय-समय पर छुट्टी भी दीजिए। उन्हें संगठित रूप से पढ़ने की सलाह दें। साथ ही, उन्हें स्वतंत्रता भी दें कि वे अपने तरीके से सोच सके और पढ़ सके।(आपका बच्चा नहीं कर पा रहा पढ़ाई?)

### प्रेरित करें

एक्स्पर्ट ने आखिर में यह भी सलाह दिया कि बच्चों की पढ़ाई में इंटरेस्ट जगाने के लिए जरूरी है कि आप उन्हें प्रेरित करें। साथ ही, उन्हें उनके लक्ष्यों के प्रति उत्साहित करें और हमेशा उनकी इच्छाशक्ति के लिए उन्हें बधाई दें।

इन सभी पेरेंटिंग टिप्स का पालन करने से, बच्चे खुद से पढ़ने लगेंगे और उनकी पढ़ाई में भी रुचि बढ़ेगी। यह एक कमाल की प्रक्रिया है, जो बच्चों के उज्जवल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। अगर इसके बाद भी आपके बच्चे को पढाई मैं तकलीफ हो और उसके नंबर सही ना आ रहे हो तो किसी विशेषज्ञ से मिलकर सलाह ले।



---

कार्नर न्यूज

कुछ आसान से टिप्स बढ़ाएंगे आपकी जागरुकता को

# ऑनलाइन खरीदे गए सामान का नहीं मिल रहा रिफंड तो ऐसे करें शिकायत और पाएं पैसा वापस

अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कि अमेजान, फ्लिपकार्ट और मिंत्रा आदि से ऑर्डर किया है, तो आप वहां से ऑर्डर को रद्द कर सकते हैं या फिर दिए गए इन तरीकों को फॉलो कर सकते हैं। ऑनलाइन खरीदारी करने में आज भी कई लोग हैं, जो घबराते हैं। असल में कई बार ऐसा होता है कि आपने ऑर्डर तो बुक कर दिया है, लेकिन डिलीवरी में गलत समान या गलत जगह पर आपकी डिलीवरी हो जाती है। तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे में आप रिफंड पाने के लिए या सामान वापस करने के लिए क्या कर सकते हैं? अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से ऑर्डर बुक किया है, तो आप वहां से ऑर्डर को रिफंड या रिप्लेस कर सकते हैं। वहीं, अगर आपने ऑर्डर ऑफलाइन किया है, तो आप कंज्यूमर केयर पर जा सकते हैं।

ऑनलाइन खरीदारी में गलत सामान या गलत जगह पर डिलीवरी होने पर क्या करें? यहां कुछ तरीके दिए गए हैं।



### ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से ऑर्डर रद्द करना

अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कि अमेजान, फ्लिपकार्ट और मिंत्रा आदि से ऑर्डर किया है, तो आप वहां से ऑर्डर को रद्द कर सकते हैं। आमतौर पर, ऑर्डर रद्द करने का विकल्प आपके ऑर्डर हिस्ट्री में उपलब्ध होता है। इसके लिए फ्लिपकार्ट पर जिस ऑर्डर को रिफंड या रिप्लेस करना है उस ऑर्डर को चुन लें। अब रिक्वेस्ट और रिटर्न के ऑप्शन पर क्लिक करें। ऑर्डर वेरिफिकेशन पूरा हो जाने के बाद जब ये प्रोसेस पूरा हो जाए तब आपके ऑर्डर का रिफंड आ जाएगा। कुछ ऐसा ही आपको अमेजान ऐप या वेबसाइट पर भी करना होगा। यहां आपको ट्रैक एंड मैनेज के ऑप्शन पर जाकर मांगी गई जरूरी डिटेल्स फिल कर दें। ऑर्डर रद्द करने के बाद, आपको एक रिफंड प्राप्त होगा, जो आपके बैंक खाते या क्रेडिट या डेबिट कार्ड में वापस आ जाएगा।

### कंज्यूमर केयर से संपर्क करना



अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के अलावा किसी अन्य वेबसाइट या विक्रेता से ऑर्डर किया है, तो आप कंज्यूमर केयर से संपर्क कर सकते हैं। कंज्यूमर केयर आपको रिफंड या सामान वापस करने में मदद कर सकता है। आप कंज्यूमर केयर को फोन, ईमेल या चैट के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

### कानूनी कार्रवाई करना

आपने कोई सामान ऑफलाइन खरीदा हो तो आप कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 के तहत सेलर के पास गलत ऑर्डर के लिए एक लीगल नोटिस भेज सकते हैं। अगर 30 दिन में रिफंड नहीं आता है तो आप कंज्यूमर फोरम में भी शिकायत कर सकते हैं। अगर आपको रिफंड नहीं मिल रहा है या सामान वापस नहीं लिया जा रहा है, तो आप कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। आप उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। या फिर आप एक वकील से भी सलाह ले सकते हैं। ऑर्डर रद्द करने या रिफंड पाने के लिए आपको ऑर्डर की पुष्टि ईमेल या रसीद की जरूरत होगी। आपको ऑर्डर रद्द करने या रिफंड पाने के लिए समय सीमा का ध्यान रखना होगा। आपको विक्रेता से बातचीत करने का प्रयास करना चाहिए और अगर वह सहयोग नहीं करता है, तो आपको कंज्यूमर केयर या कानूनी कार्रवाई का सहारा लेना चाहिए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बेहद डरावना है 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर, भारतीय दर्शकों को बेसब्री से इंतजार



सोनी पिक्चर्स ने अपनी आगामी हॉरर फिल्म 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म के खौफनाक पोस्टर्स भी निर्माताओं ने जारी किए हैं। ट्रेलर देखने के बाद फैंस की उम्मीदें इस फिल्म से काफी ज्यादा बढ़ चुकी हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक डेविड एफ सैंडबर्ग ने किया है।

यह प्लेस्टेशन स्टूडियो के मशहूर गेम पर आधारित फिल्म है। फिल्म में देखने को मिलेगा कि जब क्लोवर (एला रूबिन) और उसके दोस्त अपनी गायब बहन को ढूंढने के लिए एक सुनसान घाटी में जाते हैं तो वे एक ऐसे डरावने मंजर में फंस जाते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। फिल्म में एला रुबिन, माइकल सिमिनो, ओडेसा एज़ियन, जी-यंग यू, बेलमोंट कैमेली, मैया मिशेल और पीटर स्टॉर्मेयर जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। इसकी पटकथा ब्लेयर बटलर और गैरी डौबरमैन ने लिखी है। अनटिल डॉन का ट्रेलर काफी ज्यादा खौफनाक है, जिसके बाद लोग इस फिल्म में डरावने ट्विस्ट होने की उम्मीद जता रहे हैं। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया इस फिल्म को 25 अप्रैल 2025 को भारतीय सिनेमाघरों में विशेष रूप से रिलीज करेगा।

### टॉलीवुड

## तेलुगु फिल्में लीक करने वालों की अब खैर नहीं, निर्माताओं ने लिया कड़ा एक्शन!



पिछले कुछ महीनों में रिलीज होने वाली कई फिल्में रिलीज के कुछ घंटे या कुछ दिनों बाद वेबसाइटों पर एचडी प्रिंटों में रिलीज कर दी गई थी। जिस वजह से फिल्मों निर्माताओं में काफी नाराजगी देखने को मिली। इस कारणवश निर्माताओं ने कुछ कड़े फैसले लिए, जिससे इसको रोका जा सके। हाल के दिनों में रिलीज होने वाली फिल्में पुष्पा 2, कल्कि 2898, देवरा पार्ट 1 और तंडेल फिल्मों को रिलीज के कुछ दिनों में ही ऑनलाइन लीक कर दिया गया था। इस वजह से इन फिल्मों की कमाई पर भी असर पड़ा था। अल्लू अरविंद, बनी वास और दिल राजू जैसे प्रमुख तेलुगु फिल्म निर्माताओं के साथ-साथ अभिनेता विश्वक सेन और अंजलि ने बढ़ते हुए पाइरेसी खतरे पर अपनी चिंता व्यक्त की है। साथ ही शिकायत भी दर्ज करवाई है।

नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'तंडेल', जिसका निर्देनशन चंदू मोंडेती द्वारा किया गया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक ठाक प्रदर्शन कर रही है और पहले हफ्ते में ही इस फिल्म ने दुनियाभर में 62 करोड़ रुपये कमाए। लेकिन फिर इस फिल्म के लीक होने की सूचना मिलती है, जिस कारण कहा जाता है कि इस फिल्म के कलेक्शन पर इसका प्रभाव हुआ है।

निर्माता अल्लू अरविंद ने बताया कि हम सभी के प्रयास और ओटीटी के आने की वजह से पाइरेसी का खतरा कुछ कम हुआ था, लेकिन फिर से यह भयानक रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि लगता है लोगों को यह पता नहीं है कि इस तरह से फिल्में अपलोड करना और डाउनलोड करना गैरकानूनी है। साथ ही यह भी कहा कि शिकायत की गई है जल्द ही लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। निर्माता वास ने कहा ऐसा ही मामला 'गीता गोविंदम' फिल्म का सामने आया था, जिसका आरोपी जेल की हवा खा रहा है। 'तंडेल' फिल्म के निर्माता वास और अरविंद ने ऐसा किसी भी लीक मामले की सूचना मिलने पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर बताने का आग्रह किया है

### भोजपुरी

## 'दामाद जी किराए पर हैं-2' का ट्रेलर रिलीज मां की जिंदगी बचाने के लिए बिका ये दूल्हा



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार के जन्मदिन के खास मौके पर उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दामाद जी किराए पर हैं-2' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म का पहला पार्ट काफी सफल रहा था और दर्शकों ने इसे खूब सराहा था, जिसके बाद फिल्म का दूसरा पार्ट बनाया गया है। यह ट्रेलर दर्शकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और इसे खूब सराहा जा रहा है। फिल्म में यश कुमार के साथ सपना चौहान नजर आ रही हैं, जो एक सिंगल मदर की भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण यश कुमार एंटरटेनमेंट और निधी मिश्रा ने किया है, जबकि निर्देशन की कमान अजय श्रीवास्तव ने संभाली है। फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद राकेश त्रिपाठी ने लिखे हैं। ट्रेलर में मां की ममता, सामाजिक संवेदनशीलता, एक्शन, कॉमेडी और मनोरंजक गानों का मिश्रण देखने को मिला, जिससे यह फिल्म पारिवारिक दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाली है। यश कुमार ने अपने जन्मदिन पर ट्रेलर रिलीज होने को लेकर खुशी जताई और कहा, 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। हमने इसमें एक अनोखी और दिल को छू लेने वाली कहानी प्रस्तुत की है। मुझे पूरी उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आएगी।'

निर्देशक अजय श्रीवास्तव ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज़ के बाद कहा कि भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुके यश कुमार की यह फिल्म न केवल मनोरंजन देगी।

## लाइफ स्टाइल

### कजाक जलवा



कजाकिस्तान के शीर्ष डिजाइनरों ने अल्माटी में कजाकिस्तान फैशन वीक में अपने नवीनतम लाइनअप प्रदर्शित किए। मॉडल यहां ओपेरा और बैले के राष्ट्रीय शैक्षणिक थिएटर के डिजाइन हाउस डी-सिटोवा में डिजाइनर नायिल बैकुचुकोव की डिजाइन को पेश किया। जिसे भरपूर तारीफ मिली।

## ब्राइडल लुक को खास बनाएंगे नेल आर्ट के ये डिजाइंस

शादी का दिन हम सभी के लिए बेहद खास होता है और इस दिन के लिए हम अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए हर छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखना बेहद पसंद करते हैं। वहीं हाथों की बात करें तो आजकल नकली नाखूनों का चलन काफी बढ़ गया है।

आजकल आपको नेल आर्ट के कई डिजाइंस ऑनलाइन भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन जब बात ब्राइडल लुक की आती है तो डिजाइन को चुनने के लिए हम कंफ्यूज हो जाते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं नेल आर्ट के कुछ आकर्षक डिजाइंस जो खासकर होने वाली दुल्हन के हाथों की शोभा बढ़ाने में मदद करेगा।

### स्टोन नेल आर्ट डिजाइन

स्टोन डिजाइन के नेल आर्ट देखने में काफी प्रीमियम लुक देने में मदद करते हैं। वहीं आप हर उंगली पर स्टोन को न लगाए और केवल १ या ज्यादा से ज्यादा 2 नाखूनों पर ही स्टोन के जरिये डिजाइन बनाये। इस तरह के हैवी नेल आर्ट डिजाइन को आप शादी के हर फंक्शन के लिए आसानी से कैरी कर सकती हैं।

### ऑम्ब्रे नेल आर्ट डिजाइन

थोड़ा अलग लुक पाना चाहती हैं इस तरह का डूअल कलर ऑम्ब्रे नेल आर्ट डिजाइन को अपने ब्राइडल लुक के लिए चुन सकती हैं। इस तरह के नेल आर्ट के साथ आप ग्लिटर, शिमर, ग्लॉस, स्टोन या नेल स्टीकर तक का इस्तेमाल आसानी से कर सकती हैं।

### ग्लिटर नेल आर्ट डिजाइन



चमकने वाले नेल आर्ट डिजाइन को पसंद करती हैं तो इस तरह से एक या दो उंगलियों को छोड़कर आप बाकी के नाखूनों पर बारीक पार्टिकल वाले शिमर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे नाखूनों पर चिपकाने के लिए आप नेल ग्लू की सहायता ले सकती हैं।

### फ्लोरल नेल आर्ट डिजाइन

वहीं अगर आप सिंपल डिजाइन के नेल आर्ट को बनवाना चाहती हैं तो इस तरह से व्हाइट कलर की नेल पेंट की मदद लेकर फूल बना सकती हैं। चाहे तो इस तरह का डिजाइन आप खुद घर पर टूथपिक की सहायता लेकर भी बना सकती हैं। इसके अलावा आप बारीक डिजाइन का स्टोन भी इसपर लगा सकती हैं।

## मौजूदा ट्रेंड की साड़ियां पार्टियों में बन सकती हैं एक बेहतरीन विकल्प



फैशन



आज के समय में कई तरह की साड़ियां चलन में हैं। ट्रेंड में क्या चल रहा है, इसके लिए ज्यादातर महिलाएं बॉलीवुड अभिनेत्रियों के लुक्स देखती हैं। ज्यादा लुक्स देखने के बाद भी उन्हें समझ नहीं आता कि वो कैसी साड़ी का चयन करें। महिलाओं की इसी परेशानी को देखते हुए आपको ऐसी साड़ियों का बारे में बताने जा रहे हैं, जो आजकल चलन में हैं।

**सिल्क साड़ी:** अगर आप ऐसी साड़ी की तलाश में है जो शादी से लेकर त्योहारों तक में आपके काम आ सके तो सिल्क की साड़ी एक बेहतर ऑप्शन है। ये किसी भी कार्यक्रम के लिए काफी सही विकल्प है, ऐसे में आप इसे खरीद कर रख सकती हैं।

**नेट साड़ी:** अगर साड़ी में ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो नेट की साड़ी आजकल चलन में है। इस तरह की साड़ियां युवतियों को ज्यादा पसंद आती है। ऐसे में अगर आप साड़ी पहनकर अपना ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो नेट की साड़ी एक बेहतर विकल्प है।

**शिफॉन साड़ी:** शिफॉन की सिंपल साड़ी को हैवी वर्क वाले ब्लाउज के साथ पहनने पर इसका लुक और ज्यादा खिल कर सामने आता है। इस तरह की साड़ी भी आजकल काफी ट्रेंड में है।

**आर्गेन्जा साड़ी:** ये उन महिलाओं के लिए काफी परफेक्ट है, जिन्हें हैवी साड़ी पहनने में परेशानी होती है। अगर आपके साथ भी ये दिक्कत है तो आप आर्गेन्जा साड़ी खरीद सकती हैं। इसे पहनकर काफी रॉयल लुक सामने आता है।

**सूती साड़ी:** अभी उमस वाला मौसम चल रहा है, ऐसे में आप अपने लिए सूती साड़ी खरीद सकती हैं। हैवी बॉर्डर वाली सूती साड़ी देखने में काफी खूबसूरत लगती है।

**बांधानी साड़ी:** पूजा-पाठ के समय के लिए बांधानी साड़ी काफी बेहतर विकल्प है। इसे हर उम्र की महिला पहन सकती है। ऐसी साड़ी महिलाओं को ज्यादातर पसंद आती है।



## हर मेकअप प्रोडक्ट के लिए इस्तेमाल करें अलग ब्रश

सही से मेकअप करना एक कला है, ऐसे में ठीक कला की ही तरह मेकअप के लिए भी सही प्रकार के ब्रश की जरूरत पड़ती है। अगर आप मेकअप के दौरान गलत ब्रश का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका मेकअप बिगड़ सकता है। बहुत सी महिलाओं और युवतियों को ये पता ही नहीं है कि किस तरह के ब्रश का इस्तेमाल किस मेकअप प्रोडक्ट को लगाने में किया जाता है। ऐसे में आज के लेख में हम आपको अलग-अलग प्रोडक्ट के लिए अलग ब्रशों का इस्तेमाल करना बताएंगे।

**फाउंडेशन ब्रश:** लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से लिए सबसे पहले फाउंडेशन ब्रश का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस ब्रश की मदद से फाउंडेशन बराबर मात्रा में फैलता है और फ्लोलेस कवरेज देता है। फाउंडेशन ब्रश की मोटाई अच्छी खासी होती है और इसे ब्रिसल्स मुलायम व लचीले होते हैं।

**फैन ब्रश :** जब मेकअप करते वक्त चेहरे पर अतिरिक्त पाउडर लग जाता है तो ये ब्रश इसे हटाने में मदद करता है। यह आकार में फैन की तरह चपटा होता है, इसलिए इसे फैन ब्रश बोलते हैं।



**आईशैडो ब्रश:** अगर आपको आई मेकअप करना पसंद है तो आईशैडो ब्रश के बारे में आपको पता होना बेहद जरूरी है। आईशैडो के लिए अलग-अलग प्रकार के ब्रश आते हैं। ऐसे में इन्हें अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

**लिप ब्रश:** सही से लिपस्टिक लगाने के लिए लिप ब्रश काफी जरूरी होता है। ऐसे में आप इसे जरूर अपने बैग में रखें। ये ज्यादा मोटा नहीं होता है। इससे लिपस्टिक लगाने में आसानी होती है।

**आईलाइनर ब्रश:** सही से आईलाइनर लगाने के लिए आपको इस ब्रश की काफी जरूरत पड़ने वाली है। इस ब्रश में सिलिकॉन के काफी महीन ब्रिसेल्स होते हैं, ताकि लाईनर को सही तरीके से लगाया जा सके।

## गोल चेहरे के लिए अपनाएं अलग हेयर स्टाइल्स

वैसे तो हर चेहरा बेहद खूबसूरत होता है और इसकी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए हम कई तरह की चीजें करना पसंद करते हैं। वहीं गोल चेहरे की बात करें तो इस पर लगभग हर तरह का हेयर स्टाइल बेहद खूबसूरत नजर आता है, लेकिन कई हेयर स्टाइल मिस्टेक्स ऐसी भी होती हैं जो आपके लुक को बिगाड़ भी सकती हैं।

गोल चेहरा ज्यादातर बेहद चबी होता है और इस तरह के आकर के चेहरे पर स्लीक बैक हेयर स्टाइल बहुत कम ही खूबसूरत नजर आते हैं। इस तरह के चेहरे पर पोनी टेल बनाते समय आप बालों को ज्यादा टाइट न खींचे अन्यथा आपका माथा बेहद चौड़ा नजर आने लगेगा। ठीक उसी तरीके से टाइट पोनी टेल बनाने से आपका चेहरा काफी बड़ा भी दिखाई देगा। इसके अलावा बालों को तेज खींचने के कारण बाल टूट भी सकते हैं।

### गोल चेहरे के लिए हेयर स्टाइल बनाते समय रखें इन बातों का खास ख्याल

गोल चेहरे पर हेयर स्टाइल बनाते समय आपको बालों को टाइट नहीं खींचना चाहिए ताकि आपका चेहरा बड़ा और अजीब न नजर आए। इसके अलावा



आप हेयर स्टाइल को चुनते समय बालों में बाउंस जरूर दें ताकि आपके बालों पर बना कोई भी हेयर स्टाइल आपके चेहरे के आकार को मैच करें। चेहरे के आकार को आकर्षक बनाने के लिए आगे की ओर फ्लिक्स जरूर छोड़ें। चाहे तो आगे के बालों को आप हेयर कर्लर की मदद से थोड़ा बाउंसी लुक भी दे सकती हैं। वहीं अगर आपके बाल पतले हैं तो आप बाउंसी लुक पाने के लिए बैक कॉम्ब भी कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### जरूरी नहीं कि महंगे कपड़े ही आपका लुक बदलें

## सिंपल कपड़ों में भी रॉयल लुक चाहिए तो अपनाने होंगे कुछ टिप्स, तारीफ करते नहीं थकेंगे लोग

महंगे और ब्रांडेड कपड़ों को पहनने से ही एक्सपेंसिव लुक नहीं पाया जा सकता है। अगर आपके पास सिंपल और सस्ती ड्रेस हैं तो भी उनको लग्जरी बना सकते हैं। खासकर, रॉयल लुक पाने की इच्छा रखने वाले लड़कों के लिए ये टिप्स काम आ सकते हैं। किसी अमीर आदमी को देखने के बाद कई बार हम सोचते भी हैं कि क्या उनकी तरह हम ड्रेस नहीं पहन सकते? मैं आपको बता दूं उन्होंने भले ही उसके बहुत पैसे खर्च किए होंगे लेकिन आप कम खर्च करके की भी वैसा लुक पा सकते हैं। क्योंकि स्टाइल सीक्रेट्स या फैशन रूल्स फॉलो करने से कोई भी ऐसा दिख सकता है।

### अट्रैक्टिव दिखना है जरूरी

सिंपल कपड़ों को पहनने में कोई बुराई नहीं। हमें कभी भी ड्रेस को लेकर किसी के साथ तुलना नहीं करनी चाहिए। हां, लेकिन अट्रैक्टिव दिखने के मामले में किसी से पीछे नहीं रहना चाहिए। किसी भी ड्रेस और स्टाइल को अट्रैक्टिव बनाया जा सकता है। जिससे एक अलग ही



रुतबा देखने को मिलता है।

### कलर मैचिंग का जादू

रंगों का जादू हर किसी पर चलता है। सोचिए, अगर रंग न होते ये जीवन बस कोरा रहता। रंग किसी भी चीज को सुंदर बना देते हैं। इसलिए लुक को दमदार बनाना है तो कलर मैजिक वाली बात समझ लें। तब जाकर आपका रंग जमेगा और रंग चढ़ेगा।

पहली बात- अगर आपको एकदम रॉयल लुक चाहिए तो नीचे से लेकर ऊपर तक दो या तीन कलर कॉम्बिनेशन वाली ड्रेस व एसेसरीज पहनें। इससे अधिक कलर पहनने पर फंकी दिखेंगे। यह एक अलग स्टाइल हो गया।

### शर्ट, कोट, ब्लैजर के बटन

शर्ट, कोट, ब्लैजर खरीदते वक्त फैब्रिक, कॉलर, कफ स्टाइल, फिटिंग के साथ बटन पर ध्यान दें। क्योंकि बटन लुक पर असर डालते हैं। अगर शर्ट के बटन पुराने हैं तो इम्प्रेसिव नहीं होंगे। कई बार नई शर्ट के साथ भी यह फॉर्मूला ट्राय करें। अगर बटन पुराने हो गए हैं तो उनको भी बदल दें।

### टाई पहनें

एक्सपेंसिव लुक के लिए लोगों को टाई पहननी चाहिए। क्योंकि इससे अलग ही इम्प्रेसन पड़ता है। इसलिए ओकेजन के हिसाब से जहां जरूरी हो टाई पहनें। लेकिन उसको



सही तरीके से बांधे और हां शर्ट के हिसाब से चूज करें। क्योंकि मैचिंग बहुत मायने रखती है। टाई पहननी है इसलिए कुछ भी टांग लेने से बात नहीं बन सकती।

### कोट / ब्लेजर/ जैकेट पहनें

एक्सपेंसिव या रॉयल लुक चाहिए तो कोट / ब्लेजर/ जैकेट खरीद लें। आपको पता ही है कि कोट और ब्लेजर पहनने वालों पर अधिकतर लोगों की नजर पड़ती है। भीड़ में भी ये लोग अलग ही दिखाई पड़ते हैं। इसलिए अपनी वार्डरोब में कम से कम एक से दो ऐसी ड्रेस रखें।